तापमान
अधिकतम 30.5 डिग्री
न्यूनतम 12.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 9 फरवरी 2026

10 74 हजार से बढ़कर 8.5 लाख हुए कृषक उपभोक्ता : गजेंद्र यादव



11 रामायण से सीख सकते हैं आदर्श जीवन जीने की कला : साहू





# हर महीने 300 नए डॉग बाइट केस, सुपेला अस्पताल में 800 लोगों को लग रही वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

खास खबर

सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 8 से 10 कुत्तों के काटने के मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि एक माह में करीब 800 लोग एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाने अस्पताल आते हैं, जिनमें 300 से 400 मरीज नए होते हैं। अस्पताल के अनुसार डॉग बाइट के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इनमें बच्चों और बुजुर्गों की संख्या भी कम नहीं है। कई मरीजों को एक से अधिक डोज के लिए बार-बार अस्पताल आना पड़ता है। शहर के कई मोहल्लों में आवारा कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते हैं। सुबह-शाम टहलने निकलने वाले लोग और स्कूल जाने वाले बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। शहर में बढ़ते डॉग बाइट के मामलों ने प्रशासन की तैयारियों और नियंत्रण उपायों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## समय पर टीका जरूरी फिर भी डॉग बाइट मरीजों के लिए खास व्यवस्था नहीं

### हर माह 400 नए डॉग बाइट के केस

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में हर महीने करीब 800 लोगों को एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाया जा रहा है। इनमें लगभग 50 फीसदी यानी करीब 400 मरीज नए होते हैं। अस्पताल की नर्सिंग सिस्टर शशि कुर्रे ने बताया कि अस्पताल में कुत्ता, बिल्ली और चूहे के काटने के मामले आते हैं, लेकिन सबसे ज्यादा संख्या डॉग बाइट की है। रोजाना कई मरीज वैक्सीन लगवाने पहुंचते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि कुत्ते के काटने के बाद किसी भी तरह की लापरवाही खतरनाक साबित हो सकती है। बिना देरी किए अस्पताल पहुंचना जरूरी है, ताकि समय पर एंटी-रेबीज टीका लगाया जा सके।



### बच्चों को 5 व वयस्कों को लगते हैं 4 टीके

डॉग काटने के के बाद छोटे बच्चों को 5 और वयस्कों को 4 टीके लगाए जाते हैं। बच्चों को डॉग काटने के पहले दिन, तीसरे दिन, सातवें दिन, 14 वें दिन और 28वें दिन एंटी रैबिज वैक्सिन के टीके लगाए जाते हैं। वहीं वयस्कों को पहले दिन, तीसरे दिन, सातवें दिन और 28वें दिन टीके लगाए जाते हैं। वहीं घाव गंभीर होने पर सिरम वैक्सिन एआरबी सबसे पहले लगाया जाता है।

## मरीजों के लिए नहीं अलग व्यवस्था



सुपेला अस्पताल में डॉग बाइट के मरीजों के लिए अलग काउंटर या विशेष सुविधा की व्यवस्था नहीं है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब कुत्ते के काटने के तुरंत बाद पहुंचे मरीजों को भी सामान्य प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। कई लोग घबराहट की हालत में अस्पताल आते हैं, लेकिन पर्ची के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। डॉक्टरों का कहना है कि डॉग बाइट के मामलों में समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। अगर एंटी-रेबीज वैक्सीन समय पर नहीं लगाया गया तो संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए डॉग बाइट के केस के लिए अलग से इलाज की व्यवस्था होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### मकान में चल रहा था चर्च, गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान में चर्च चलाने के आरोप में पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने धारा धारा 299, बीएनएस, 04 छत्तीसगढ़ धर्म अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि एलआईजी 437 हाउसिंग बोर्ड चरोदा निवासी लोको पायलट वनलाल वर्मा ने शिकायत किया। मोहल्ला में सिकन्दर नाझील के मकान में निवासी म्यूरीहाइट बोरसी दुर्ग निवासी आशिष अचारी किराये पर लिया है। जहां हर रविवार की सुबह पंद्रह से बीस महिला पुरूष, परिवार समेत आकर प्रेयर करते है। जहां पर वाद्य यंत्रों का प्रयोग कर जोर-जोर से बजाते है। वनलाल वर्मा का आरोप है कि मकान में धर्मातंरण कराया जाता है। जिसे लेकर पुलिस में शिकायत किया था। आसपास के लोगों ने वाद्य यंत्रों का ध्वनि करने से दिक्कत है। इनके द्वारा धर्म और धार्मिक भावनाओ को ठेस पहुंचाया जाता है। इसके बाद मोहल्लेवासी अनिरुद्ध सिंह, नितेश राव पवार, प्रकाश सिंह राजपूत, मनोज, सुधीर पाटले, पीयुष देवांगन, महेन्दर तिवारी, सुनिल सिंह, जय वर्मा, विवेक निषाद, देव रजक, डॉ. विपिन सोनी, एआर गंजीर ने पुलिस को घटना के बारे में अवगत कराया।

## धान खरीदी : टारगेट के मामले में बालोद 85.72% और बेमेतरा 86.99% एचीवमेंट

# केंद्रीय सहकारी बैंक के तीन जिलों में सबसे ज्यादा दुर्ग जिले में 90.69% धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दुर्ग जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मर्यादित के अंतर्गत तीन जिले में धान खरीदी की गई। तीनों जिले में तय टारगेट से सबसे ज्यादा धान खरीदी दुर्ग जिले में 90.69 प्रतिशत हुई है। बेमेतरा जिले में 86.99 प्रतिशत और बालोद जिले में 85.72 प्रतिशत धान खरीदी हो पाई है। इस तरह दुर्ग जिले में धान खरीदी की स्थिति बेहतर रही है। दो दिन की मियाद बढ़ाने के बाद भी दुर्ग जिले में ज्यादा किसानों ने अपनी उपज बेची।



### बालोद जिले में सबसे ज्यादा 95.60% किसानों ने बेची उपज

धान खरीदी में बालोद जिले के सबसे ज्यादा किसानों ने अपनी उपज बेची है। इस जिले में धान बेचने के लिए 155119 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन करवाया था लेकिन 148293 किसानों यानी 95.60 प्रतिशत ने धान बेचा है। दुर्ग जिले के 113623 किसानों ने पंजीयन करवाया था। जिसमें से 106830 किसानों ने यानी 94.02 प्रतिशत धान बेचा है। बेमेतरा जिले के 165082 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन करवाया और इसमें से 154995 किसानों यानी 93.89 ने धान बेचा है।

### धान उठाव के मामले में बालोद जिला आगे

दुर्ग जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अंतर्गत तीन जिलों में धान का उठाव भी चल रहा है। उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव बालोद जिले में तेजी से हो रहा है। इसलिए कि इस जिले में उपार्जन केंद्रों से धान उठाव 56.10 प्रतिशत हो चुका है। बेमेतरा जिले में धान का उठाव 44.59 प्रतिशत किया जा चुका है। दुर्ग जिले में धान उठाव की रफ्तार सुस्त गति से चल रही है। नतीजा इस जिले में धान उठाव 40.49 प्रतिशत ही हो पाया है।

### बफर लिमिट से सबसे ज्यादा धान जाम बेमेतरा में

धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू हुई है। लेकिन उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव काफी देरी से शुरू किया गया। नतीजा यह है कि धान खरीदी समाप्त हो गई है लेकिन उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान का स्टॉक हो गया है। हालात ये हैं कि सबसे ज्यादा बफर लिमिट बेमेतरा जिले में हैं। बेमेतरा जिले में 111 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से ज्यादा धान जाम है। बालोद जिले में 106 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से ज्यादा धान का स्टॉक है। दुर्ग जिले के 77 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान है।

### तीनों जिलों में खरीदी की यह स्थिति

**दुर्ग जिला**

**559064 मीट्रिक टन धान खरीदी**

दुर्ग जिले में 87 सहकारी समितियों के माध्यम से 102 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की गई। इन उपार्जन केंद्रों में 559064.88 मीट्रिक टन धान खरीदी हुई है। इस जिले में 616435 मीट्रिक टन धान खरीदी का टारगेट लिया गया था। हालांकि टारगेट से कम धान खरीदी हो पाई है। यानी 57367 मीट्रिक टन धान खरीदी टारगेट से कम हुई है।

**बालोद जिला**

**704163 मीट्रिक टन धान खरीदी**

बालोद जिले में 143 उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी की गई। इन उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी 704163.40 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा सकी। इस जिले में 821517 मीट्रिक टन धान खरीदी का टारगेट निर्धारित किया गया था। इस हिसाब से यहां भी धान खरीदी कम हो पाई। बालोद जिला टारगेट से 117354 मीट्रिक टन धान खरीदी कम रही।

**बेमेतरा जिला**

**864408 मीट्रिक टन खरीदा धान**

बेमेतरा जिले में 129 उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी की गई है। यहां के उपार्जन केंद्रों में 864408.12 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो पाई है। इस जिले को 993667 मीट्रिक टन धान खरीदी करने का टारगेट मिला था। इस टारगेट से यह जिला 129259 मीट्रिक टन धान की खरीदी कम कर पाई है। जबकि इस जिले में सबसे ज्यादा धान खरीदी होनी थी।

## भट्ठी पुलिस कर रही है जांच

# लिव इन में रह रही महिला की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला की संदिग्ध परिसिथिति में मौत होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर-2, स्ट्रीट-12 निवासी राजिंदर कौर प्रेमी राजा नाथ के साथ तीन साल से लिव इन में रह रही थी। राजिंजर विवाहित थी उसके 2 बच्चे भी हैं। वह अपने पति और बच्चों को छोड़कर राजा के साथ रहने लगी थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि रांजिदर और राजा में अक्सर विवाद होता था। दोनों शराब पीया करते थे। विवाद को लेकर राजिंदर के परिजनों में हत्या की आशंका जताई है। महिला की लाश 6 फरवरी से दुर्ग में थी, लेकिन अब तक उसका पीएम नहीं हो पाया है। रविवार दोपहर शव को पीएम के लिए सीएम कॉलेज कचांदूर लाया गया है। राजिंदर कौर पहले से शादीशुदा थी। बाद में उसकी दूसरी शादी बलविंदर सिंह से हुई। वह अपने दूसरे पति के साथ करीब 17 साल तक रही। इसके बाद 4 साल पहले वह अपने पति से अलग हो गई और लिव-इन रिलेशनशिप में राजा नाथ के साथ रहने लगी। 5 फरवरी की रात दोनों जमकर शराब पी रहे थे। अचानक राजिंदर के नाक से खून आने लगा। किसी तरह उसने ब्लड रोकने कोशिस की। तब राजिंदर की हालत बिगड़ने लगी तो राजा नाथ की मां ने उसे जिला अस्पताल दुर्ग लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भट्ठी थाना प्रभारी प्रकाश कांत ने बताया कि दोनों लिव इन में रहा करते थे। शराब दोनों पी रहे थे। मौत का कारण पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

राजिंदर कौर की मौत पर परिजनों ने सवाल खड़ा किया है। परिजनों का आरोप है कि राजिंदर की भांजी कृतिका के मुताबिक राजा नाथ की मां ने उन्हें 6 फरवरी दोपहर करीब 2 बजे घटना की जानकारी दी। राजिंदर कौर और राजा नाथ के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। आरोप लगाया कि जब भी राजिंदर घर आती थी, उसके शरीर पर चोट के निशान दिखाई देते थे।

# चोरी के तीन आरोपी और खरीदार समेत 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



- पाटन पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

चोरी के मामले में पुलिस तीन चोर और खरीदार समेत 6 को गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए ग्रामीण एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि संदेह के आधार पर ग्राम लखौली, थाना सिटी कोतवाली, जिला राजनांदगांव निवासी मनीष अमोरिया, जितेन्द्र गायकवाड़, रवि साहू को संदेह के आधार पर पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ करने पर आरोपियों ने पुलिस को बताया कि तीनों मठ पुरैना रायपुर में इडली-डोसा बेचने का काम करते है। खाली मकानों की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते थे। आरोपियों ने बाइक सीजी 08 बीए 3345 से तीनों सवार होकर ग्राम अछोटी नंदनी पहुंचे। जहां से एक सूने मकान में घुसकर सामान पार किया। ग्राम औसर रानीतराई से सोने का गुलबंद, चांदी की बिछिया, पायल, नगदी 25 हजार, ग्राम गोडपेण्ड्री, उतई से एक्टिवा सीजी 07 एवाई 3107 से जाकर सूने मकान से सोने के जेवरात, नगद 3 हजार, ग्राम झीट, अमलेश्वर बाइक सीजी 08 एए 3923 से पहुंचे और जेवरात नगद 2 हजार 300 रुपए, ग्राम चंगोरी सोने की अंगूठी, चांदी की पायल नगद 5 हजार, ग्राम अरसनारा पाटन से जेवरात नगद 12 हजार, ग्राम तर्रा पाटन मकान से जेवरात नगद 70 हजार, ग्राम बठेना थाना पाटन में तीन मकानों से जेवरात व नगदी 19 हजार चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस घटना में खरीदार धर्मेन्द्र साहू, उमेश उर्फ पिंटू सोनी, प्रकाश सोनी को भी पकड़ा है। इनके पास से पुलिस ने कुल 7.15 लाख 820 रुपए के सामान जब्त किए गए। इस दौरान पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा भी मौजूद थे।

# वृद्ध ने ढाई साल के मासूम पर कुल्हाड़ी से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



- बच्चे की हालत है गंभीर

पारिवारिक विवाद के चलते वृद्ध ने अपने घर में ढाई साल के मासूम पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया है। घटना में बालक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। आरोपी वृद्ध को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि बजरंग चौक जोरातराई निवासी परदेशी राम देवांगन 70 वर्ष ने मुनाल पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इससे वह वहीं लहूलुहान होकर गिर गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। हमले की जानकारी लगने पर उतई पुलिस तुरंत पहुंची और परदेशी राम को पकड़कर थाने लाई। आरोपी के पास से पुलिस ने कुल्हाड़ी और खून से सना कपड़ा जब्त किया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि परदेशीराम शकी किस्म का व्यक्ति है। उसकी इस आदत के चलते हमेशा परिवार में विवाद होता रहता था। घटना के दिन भी मासूम लड़का कमरे में खेल रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और परदेशी ने घर पर रखी कुल्हाड़ी से मासूम पर हमला कर दिया। उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव की टीम का योगदान रहा है।

ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान

# रेड सिग्नल तोड़कर सायरन का प्रयोग करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



रेड सिग्नल तोड़कर सायरन का प्रयोग कर भागने वाले कार चालक को पुलिस ने कार्रवाई की है। ट्रैफिक पुलिस ने व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पेट्रोलिंग टीम द्वारा चेकिंग कर रही है। पेट्रोलिंग के दौरान नेहरू नगर चौक पर कार चालक द्वारा लाल सिग्नल के बाद भी सायरन बजाते क्रॉस करने का प्रयास किया। पेट्रोलिंग टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए उक्त वाहन को तत्काल रोका गया। पूछताछ के दौरान चालक का व्यवहार संदिग्ध पाए जाने पर ब्रीथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जिसमें चालक नशे की अवस्था में वाहन चलाते हुए पाया गया। वाहन में अनाधिकृत सायरन का प्रयोग करते पाया गया। जांच के दौरान चालक द्वारा स्वयं को पत्रकार बताते हुए कथित पत्रकार पहचान पत्र (प्रेस कार्ड) दिखाकर पुलिस कार्रवाई पर दबाव बना रहा था। संदेह होने पर उक्त पहचान पत्र की जांच की गई, तो वह फर्जी नकला। उक्त कृत्य को ट्रैफिक पुलिस के नियम का उल्लंघन मानते हुए चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### नशे में वाहन चलाने वाले 9 चालकों पर कार्रवाई

भिलाई। नशे की हालत में वाहन चलाते वाले चालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की है। मिली जानकारी के मुताबिक ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ विशेष चेकिंग चलाया गया। अभियान के दौरान जिले के प्रमुख चौक-चौराहों एवं मुख्य मार्गों पर शाम से देर रात तक विशेष चेकिंग पाइंट लगाए गए। चेकिंग के दौरान चार पहिया वाहनों और मालवाहक वाहनों के चालकों की ब्रीथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से जांच की गई। 9 वाहन चालक नशे की अवस्था में वाहन चलाते पाए गए।

## विधायक ने 90 दिन में शराब दुकान हटाने का किया था झूठा वादा चंद्राकर

# सुपेला शराब दुकान हटाने के लिए कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई में सुपेला स्थित शराब भट्टी को हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी ने रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। धरने में बैठे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर शराब दुकान हटाने को लेकर वैशाली नगर विधायक पर कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विधायक ने पूरे मंच से जनता से वादा किया था कि वो 90 दिन के भीतर यहां से शराब दुकान हटवा देंगे। उनके झूठे वादे के चलते ही कांग्रेस को आज धरना देकर विरोध करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

सुपेला शराब भट्ठी के सामने ही कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर रखी हुई थीं। तख्तियों में घर घर में क्लेश मिटाना है, शराब दुकान को दूर भगाना है। शराब दुकान हटाना है, बच्चों का भविष्य बनाना है जैसे संदेश लिखे हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की और प्रशासन से शराब दुकान को जल्द हटाने की मांग की।




### शराब भट्ठी हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि सुपेला स्थित यह शराब भट्ठी घनी आबादी वाले इलाके में संचालित हो रही है, जिसके कारण यहां हमेशा भीड़ लगी रहती है। सड़क पर लोगों की आवाजाही प्रभावित होती है और कई बार जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस दुकान के कारण क्षेत्र का माहौल भी प्रभावित हो रहा है, इसलिए इसे यहां से हटाया जाना जरूरी है।

### प्रशासन पर उठाए सवाल

मुकेश चंद्राकर ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि सुपेला संडे मार्केट को हटाने के लिए पहले प्रशासन पूरी ताकत लगा चुका है, लेकिन एक छोटी सी शराब दुकान को हटाने में आखिर इतनी देरी क्यों हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि फिलहाल कांग्रेस शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन कर रही है, लेकिन यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं तो पार्टी उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। कांग्रेस ने प्रशासन से जल्द निर्णय लेकर क्षेत्रवासियों को राहत देने की मांग की है।

### खड़े वाहन से बाइक सवार टकराया, मौत

**भिलाई।** बीती रात एक बाइक सवार सड़क किनारे खड़ी वाहन से जा टकरा गया। घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पाटन पुलिस ने बताया कि मृतक का शिनाख्त बालोद पाकुरभाट निवासी विनोद यादव के रूप में हुई है। मृतक अपनी बेटी के घर डूंडेरा गया हुआ था। वहां से वापस बालोद लौटते समय घटना हुआ है। घटना ग्राम धूमामर्रा के पास सड़क किनारे खड़ी लकड़ी से भरी वाहन से बाइक टकरा गया। हादसा इतना जोरदार था कि विनोद यादव सिर पर हेलमेट पहना था जो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। विनोद के सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण ही मौके पर मौत हो गई। सड़क किनारे खड़ी वाहन उसे दिखा नहीं जहां हमेशा अंधेरा रहता था। इस कारण हादसा होना बताया गया है। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।



## खबर संक्षेप

### आज लोकार्पण और भूमिपूजन में शामिल होंगे विधायक कोर्सेवाड़ा

**भिलाई।** विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा 9 फरवरी को जिले के विभिन्न क्षेत्रों के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे प्रशासनिक, सामाजिक और विकासात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक वे भिलाई-3 कार्यालय में उपस्थित रहेंगे, जहां आमजन से मुलाकात और आवश्यक विषयों पर चर्चा करेंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे वे ग्राम मोहन्दी में राजा शर्मा जी के निवास पर आयोजित बरसी कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2.30 बजे लहंगा गांव में यादव समाज के सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति रहेगी। शाम 4 बजे ओटेबन्द में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### निर्माण कार्यों के लिए 55 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के 13 विकास कार्यों के लिए 55 लाख 98 हजार 536 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यो का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्र. 43 बापूनगर, खुर्सीपार में शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के समीप सार्वजनिक उद्यान का सौंदर्यीकरण एवं प्रकाश व्यवस्था कार्य हेतु 15 लाख रूपए, वार्ड क्र. 39 चन्द्रशेखर आजाद नगर खुर्सीपार पूर्व में शासकीय मद से निर्मित सावर्जनिक मंच में टाईल्स एवं रंगरोगन कार्य हेतु 99 हजार 835 रूपए, वार्ड क्र. 47 न्यू खुर्सीपार भिलाई काली बाड़ी में सार्वजनिक भवन का संधारण कार्य हेतु 4 लाख रूपए, वार्ड क्र. 50 शास्त्री नगर खुर्सीपार यादव पारा पानी टंकी के पास (20 इनटू 30) सार्वजनिक मंच एवं डोमशेड

# लक्ष्य बढ़ने के बाद नगर निगम दुर्ग की वसूली 48.78 प्रतिशत पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आयुक्त सुमीत अग्रवाल के सख्त दिशा-निर्देशों के परिणामस्वरूप नगर पालिक निगम दुर्ग के राजस्व विभाग द्वारा विगत वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। माह जनवरी 2026 तक राजस्व वसूली में 3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो विभाग की सक्रियता और अनुशासित कार्यप्रणाली को दर्शाती है।

लक्ष्य में वृद्धि के बावजूद वसूली प्रतिशत बेहतर है। विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष राजस्व वसूली का लक्ष्य 2549.08 करोड़ से बढ़ाकर 3581.08 करोड़ निर्धारित किया गया है। इसके बावजूद जहां पिछले वर्ष इसी अवधि तक 45.02 प्रतिशत वसूली हुई थी, वहीं इस वर्ष 31 जनवरी 2026 तक 48.78 प्रतिशत राजस्व वसूली की जा चुकी है, जो एक बड़ी उपलब्धि है।

राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी वर्तमान में शासन की विभिन्न योजनाओं में संलग्न हैं। इनमें निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर कार्य, राशन कार्ड सत्यापन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन तथा श्रमयोगी मानधन योजना के अंतर्गत वार्डों में शिविर लगाकर नागरिकों को जानकारी देना शामिल है। इन सभी दायित्वों के बावजूद राजस्व वसूली में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है।

## नल विच्छेदन व सीलिंग की कार्रवाई से शत-प्रतिशत वसूली का है लक्ष्य

### 190.917 प्रतिशत की गई बकाया राजस्व वसूली

नगर निगम दुर्ग द्वारा विगत 10 माह में बकाया राशि की वसूली पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप 31 जनवरी 2026 तक 190.917 प्रतिशत बकाया राजस्व वसूली की गई है, जो पूर्व वर्षों की तुलना में सर्वाधिक है। सनहाल की वसूली प्रतिवर्ष जनवरी से मार्च के मध्य की जाती है। इसके लिए निगम द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।




### बकायादारों की सूची तैयार कर वार्डवार वसूली अभियान प्रारंभ

संबंधित कर्मचारियों को मौखिक एवं लिखित निर्देश जारी नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रगति की निगरानी वसूली टीम के साथ नल कनेक्शन विच्छेदन टीम भेजी जा रही है बकाया, सनहाल जमा नहीं करने पर नल कनेक्शन काटने एवं दुकानों को सील करने की कार्यवाही। इन कदमों से आगामी दो माह में लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित की जाएगी। उक्त कार्यवाही की जानकारी प्रतिदिन नगर निगम वाहनों के माध्यम से मुनादी कर आमजन तक पहुंचाई जा रही है, जिससे नागरिकों में जागरूकता बढ़े और शत-प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

### राज्य शासन ने वर्ष 2023-24 में तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए राशि की थी मंजूर

# पहली बरसात में ही बह गया था तालाबों का सौंदर्यीकरण, 7 माह बाद भी नहीं निकाला मलबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

## बमनीन तालाब व बंधवा तालाब के जीर्णोद्धार का है मामला


नगर निगम भिलाई-चरोदा के अंतर्गत आने वाले बमनीन तालाब और बंधवा तालाब करीब सात महीने पहले बारिश में ढह गई थी, लेकिन आज तक मलबा नहीं हटाया गया।

राज्य शासन ने वर्ष 2023-24 में शहर के इन दो प्रमुख तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए मोटी रकम मंजूर की थी। बंधवा तालाब के लिए 98 लाख रुपए और बमनीन तालाब के लिए 92 लाख रुपए स्वीकृत हुए। उद्देश्य था शहर की जल संरचनाओं को सुरक्षित और आकर्षक बनाना। हकीकत यह है कि जून 2025 की पहली बारिश ने ही निर्माण की गुणवत्ता की पोल खोल दी। दीवार रेलिंग सहित भरभराकर गिर गई और आज भी वही मलबा तालाब के पानी में डूबा हुआ है। सात महीने गुजर जाने के बाद भी नगर निगम प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।



### मलबा जस का तस, लोगों की सुरक्षा से खिलवाड़

स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब की दीवार गिरने से न सिर्फ सौंदर्य प्रभावित हुआ है, बल्कि सुरक्षा का भी खतरा बना हुआ है। बच्चों और राहगीरों के लिए यह स्थिति कभी भी हादसे में बदल सकती है। तालाबों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अब तक एक ईंट भी दोबारा नहीं लगी। सात महीने बाद भी मलबा तालाब में पड़ा है।



### 100 फीट दीवार ढही, 7 महीने बाद भी मरम्मत नहीं

नगर निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र में बमनीन और बंधवा तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा था। बमनीन तालाब वार्ड 7 और 9 से और बंधवा तालाब वार्ड 7, 8 और 17 से जुड़ा हुआ है। दोनों तालाबों में आधे से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका था और ठेकेदार को लगभग आधा भुगतान भी कर दिया गया था। इसी बीच 16 जून 2025 को हुई पहली तेज बारिश ने पूरे निर्माण की हकीकत सामने ला दी। बारिश के दौरान बमनीन तालाब की दीवार भरभराकर ढह गई।वहीं बंधवा तालाब के किनारे लोगों के चलने के लिए पेवर ब्लॉक लगाए गए थे, वह भी बारिश में बह गया। बताया जाता है कि निर्माण के दौरान नींव को पर्याप्त मजबूत नहीं किया गया था, जिसकी वजह से दीवार बारिश का दबाव नहीं झेल पाई। हैरानी की बात यह है कि घटना को करीब सात महीने बीत चुके हैं, लेकिन नगर निगम भिलाई-चरोदा प्रशासन की ओर से बंधवा तालाब के जीर्णोद्धार लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आज भी मलबा तालाब में पड़ा हुआ है। वहीं स्थानीय पार्षद द्वारा निगम प्रशासन को बार-बार बोलने के बाद बमनीन तालाब में कार्य प्रारंभ हुआ है। जबकि बंधवा तालाब का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ।

### बमनीन तालाब का कार्य प्रारंभ हुआ है

निगम इंजीनियर को कई बार बोलने के बाद दो दिन पूर्व ही बमनीन तालाब में कार्य प्रारंभ हुआ है। तालाब में पानी ज्यादा है। पानी कम करने के बाद तालाब में डूबे दीवाल को बाहर निकाला जाएगा। बंधवा तालाब का कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुआ है।

**-कुसुम विपिन चन्द्राकर**, पार्षद वार्ड-9, भिलाईतीन-चरोदा

# पानी की गुणवत्ता जांच के लिए नियमित की जा रही सैंपलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में चिन्हित बड़े लीकेज को निरंतर सुधार कार्य किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। निगम क्षेत्र में स्थित 21 ओवरहेड टैंक, 9 संपवेल, 11, 24 और 42 एमएलडी क्षमता वाले फिल्टर प्लांट के सैडिमेंटेशन टैंक की सफाई का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य होली के पूर्व पूर्ण किया जाने जा लक्ष्य है।

▪ निगम में नालियों से गुजरने वाली पाइपलाइन हटाने प्रस्ताव तैयार

निगम प्रशासन के अनुसार सभी टैंकों से जल आपूर्ति प्राप्त करने वाले अंतिम छोर के घरों तक नियमित रूप से पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं, जिन्हें पीएचई विभाग को गुणवत्ता जांच के लिए नियमित रूप से भेजा जा रहा है। इसके साथ ही शहर के सभी हैंडपंपों के जल सैंपल भी लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच की जा रही है। गुणवत्ता ठीक नहीं होने पर उसे तत्काल बंद कर आवश्यकता अनुसार उस जगह टैंकर से जल आपूर्ति किया जाएगा। जल विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार गंदे पानी की लगभग 90 प्रतिशत शिकायतें हितग्राहियों के घरों तक जाने वाली पाइप लाइन के नाली से होकर गुजरने और लीकेज के कारण होती हैं।

ऐसी शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित लाइन को डिस्कनेक्ट कर हितग्राही को नई पाइपलाइन बिछाने सूचित किया जाता है। नगर निगम द्वारा दुर्ग निगम क्षेत्र में विभिन्न नालियों से गुजरने वाली पाइप लाइनों को हटाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिससे भविष्य में जल प्रदूषण की समस्या से स्थायी राहत मिल सके। वहीं पाइन लाइन के कारण नालियों के जाम होने से गालियां और सड़को में गंदा पानी ओवरफ्लो होने की शिकायत से निजात मिल सके।

### विकास कार्यों के लिए सांसद निधि से 15 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा सांसद स्थानीय निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के दो निर्माण कार्य के लिए 15 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लोकसभा सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यो का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आमटी के कोसरिया पारा में सामुदायिक भवनके लिए 12 लाख और सिरसाखुर्द के श्री साजा रावत मंदिर प्रांगण में शौचालय निर्माण के लिए 3 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

# 74 हजार से बढ़कर 8.5 लाख हुए कृषक उपभोक्ता : गजेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र द्वारा शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के राधाकृष्ण सभागार में भव्य क्षेत्रीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चित्रकला, नारा लेखन, निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पीएम सूर्यघर योजना के लिए ऑन-स्पॉट पंजीयन एवं तकनीकी मार्गदर्शन हेतु विशेष स्टॉल लगाए गए थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री गजेन्द्र यादव ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद बीते 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने बताया कि राज्य गठन के समय जहां कृषक उपभोक्ताओं की संख्या मात्र 74 हजार थी, वहीं आज यह संख्या बढ़कर 8.5 लाख तक पहुंच चुकी है। मंत्री यादव ने राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री के योगदान को याद करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल को एक स्वतंत्र पहचान दिलाई गई। उन्होंने गंगरेल बांध विद्युत परियोजना का उल्लेख करते हुए बताया कि दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते यह परियोजना निर्धारित समय से पहले पूर्ण की गई।

वर्तमान सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए मंत्री यादव ने कहा कि नवा रायपुर में सेमीकंडक्टर प्लांट और नए विद्युत ट्रांसफार्मर प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि भविष्य ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों का है, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली बिल से राहत मिलेगी।

# विद्युत विभाग ने कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्यार्थियों में ऊर्जा संरक्षण, विद्युत सुरक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शास. वि या ता स्नातस्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के हिन्दी विभाग द्वारा महाविद्यालय परिसर में नारा लेखन, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग तथा प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को विद्युत के विवेकपूर्ण उपयोग एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ। विद्युत विभाग दुर्ग के कार्यकारी अभियंता छगनलाल शर्मा, रवि दानी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विद्युत संरक्षण, ऊर्जा बचत तथा सुरक्षित विद्युत उपयोग पर उद्बोधन दिया। प्राचार्य ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए। विभागाध्यक्ष डॉ अभिनेष सुराना ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला ।

नारा लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बिजली बचाओ–भविष्य बचाओ, सुरक्षित बिजली, उज्वल जीवन जैसे नारों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। निबंध प्रतियोगिता का विषय सौर ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा के रूप उपयोग पर आधारित था। विद्यार्थियों ने तार्किक, तथ्यात्मक एवं विचारोत्तेजक निबंध लेखन किए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों और चित्रों के माध्यम से विद्युत सुरक्षा एवं ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। बनाए गए पोस्टर अत्यंत आकर्षक एवं संदेशपरक रहे, जिनकी सभी ने प्रशंसा की। प्रश्न मंच के अंतर्गत विद्युत से संबंधित सामान्य ज्ञान, सुरक्षा उपाय एवं ऊर्जा संरक्षण पर आधारित प्रश्न पूछे गए। इस गतिविधि में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया तथा अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। जिसमें प्रथम नेहा मंडावी, द्वितीय अक्षत श्रीवास्तव, तृतीय स्थान पर दीपांशु देवांगन, सांत्वना पुरस्कार नितेश कुमार एवं रश्मि साहू को प्राप्त हुआ। सभी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विद्युत विभाग द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया गया।

# दुर्ग जिला भाजपा की नई कार्यकारिणी का विस्तार, कर्मठ कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति तथा संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही व जिला प्रभारी नंदन जैन के अनुमोदन से जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है।

▪ जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने किया विस्तार

जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रवक्ता जिला सह कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, प्रवक्ता नितेश साहू, अरुण सिंह, रजा खोखर, रितेश शर्मा, मन की बात प्रभारी संतोष सोनी, लोकमणी चंद्राकर, कंचन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सह मीडिया प्रभारी संजय सेंगर, सोशल मीडिया जिला संयोजक रजनीश श्रीवास्तव, सहसंयोजक आदित्य चौबे, अविनाश राजपूत, आईटी सेल जिला संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत, उमेश गिरी गोस्वामी, जूही चंद्राकर, मदन वढाई, कार्यालय प्रभारी जयश्री राजपूत, कार्यालय सह प्रभारी राजेश राजपूत, संवाद प्रभारी विक्रम प्रताप ठाकुर, संजय शुक्ला, सूचना प्रभारी प्रीति राजपूत, सूचना सह प्रभारी लेखिका अढतिया आदि शामिल हैं। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्य में राजेंद्र पाध्ये, विनायक नातू, कांतिलाल जैन, बोधन यादव, आशीष निमजे, रोहित साहू, मनोज मिश्रा, दीपक चोपड़ा आदि शामिल हैं। स्थाई आमंत्रित सदस्य सरोज पांडेय भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, गजेंद्र यादव कैबिनेट मंत्री, विजय बघेल सांसद, जितेंद्र वर्मा भाजपा प्रदेश मंत्री, विधायक ललित चंद्राकर, ईश्वर साहू, राकेश पांडेय छत्तीसगढ़ खादी ग्राम उद्योग आयोग अध्यक्ष, जितेंद्र साहू तेलघानी विकास बोर्ड आयोग अध्यक्ष, शिव चंद्राकर आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक ,के एस चौहान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, रमशिला साहू पूर्व कैबिनेट मंत्री, पूर्व विधायक गण डां बालमुकुंद देवांगन डां दयाराम साहू ,सांवलाराम डहरे, कांतिलाल बोथरा छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष, उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य है।

# नवोदय विद्यालय में दाखिले के लिए 257 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा



**दुर्ग।** नवोदय विद्यालय समिति द्वारा द्वारा आयोजित कक्षा नवमीं और ग्याहरवीं की लेटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा ली गई। दुर्ग जिले के दो परीक्षा केंद्रों में यह परीक्षा आयोजित हुई। पहला परीक्षा केंद्र पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई रहा। इस केंद्र में कक्षा 9 वीं के लिए कुल 168 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 109 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए। कक्षा 11वीं में कुल 123 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 90 विद्यार्थी उपस्थित हुए। दूसरा परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस नगपुरा में परीक्षा अयोजित की गई। यहां कक्षा 9 वीं के लिए कुल 221 वद्यिार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 148 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस प्रकार दुर्ग जिले में कक्षा 9 वीं हेतु कुल 389 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 257 विद्यार्थियों ने परीक्षा दीद्ध जबकि कक्षा 11 वी में कुल 123 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 90 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा का आयोजन नवोदय विद्यालय समिति के दिशा.निर्देशन एवं जिला कलेक्टर दुर्ग एवं जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में परीक्षा प्रभारी प्रीति मिश्रा एवं विद्यालय प्राचार्य श्रीशंकर प्रसाद की देखरेख में संपन्न कराया गया।



### रामायण प्रतियोगिता में पहुंचे मंडल के अतिथि

**जामगांवआर।** चुलगहन में त्रिदेव मानस दान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। आयोजन में बतौर अतिथि कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत, लालेश्वर साहू अध्यक्ष साहू संघ पाटन, नारद साहू भाजयुमो अध्यक्ष दक्षिण पाटन, भानुप्रिया साहू महिला उपाध्यक्ष परि साहू संघ जामगांव आर, नीलेश्वरी साहू अभिषेक सेन आदि पहुंचे।आयोजन समिति के पदाधिकारी बेनीराम साहू, पुरेंद्र रघुवंशी, नारायण यादव, अशोक कुलदीप, घनश्याम, संतोष रघुवंशी, आत्मा साहू,मनीष चौहान, पुरुषोत्तम साहू, पवन कुमार,डे साहब रघुवंशी आत्मीयता के साथ भव्य स्वागत किए। अतिथियों ने कहा कि भगवान राम हमारे आदर्श है मर्यादा मय जीवन जीने की कला हमे श्री राम से प्राप्त होती है।

# पक्के घर का सपना हुआ साकार, संघर्ष व धैर्य से मिली सफलता

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 जरुरतमंद परिवारों के लिए केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन और सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव साबित हो रही है।



नगर पालिक निगम दुर्ग के वार्ड 56 आमा पारा बघेरा निवासी दीक्षा सोनी को योजना के अंतर्गत पक्का मकान मिला है। साधारण आर्थिक स्थिति वाले परिवार से जुड़ी दीक्षा सोनी का जीवन वर्षों तक संघर्षों से भरा रहा। ज्वेलर्स के कार्य पर निर्भर परिवार की सीमित आय के चलते वे अपने परिवार के साथ किराये के छोटे से मकान में रहने को मजबूर थी। हर माह किराया चुकाने की चिंता, मकान मालिक की शर्तें और अस्थायी जीवन की मजबूरी ने उनके मन में हमेशा असुरक्षा की भावना बनाए रखी। त्योहार हो या बरसात का मौसम, एक ही सवाल मन में उठता था कब होगा हमारा भी अपना घर किराये के मकान में रहते हुए बच्चों का भविष्य, परिवार की सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन की कल्पना करना भी कठिन लगता था। कई बार हालात इतने मुश्किल हो जाते थे कि अपने घर का सपना अधूरा ही प्रतीत होता था, लेकिन दीक्षा सोनी ने कभी हार नहीं मानी। इसी संघर्षपूर्ण समय में उनके लिए आशा की नई किरण बनकर सामने आई।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मीनल केलिब उम्र 43 वर्ष, पिता सिरिल बेजिल केलिब, निवासी पता-क्वा.नं. 27/बी, सड़क-एवेन्यू सी, सेक्टर-02, भिलाई नगर, जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन-490001 यह शपथ करती हूँ कि मैने अपना पुराना नाम श्रीमती मीनल ग्लैड पति सुमीत ग्लैड को त्याग कर नया नाम मीनल केलिब पिता सिरिल बेजिल केलिब MEENAL CALEB D/o. CYRIL BAZIL CALEB रख ली है। अतः आज से समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नये नाम मीनल केलिब पिता सिरिल बेजिल केलिब MEENAL CALEB D/o. CYRIL BAZIL CALEB से ही जाना पहचाना जावे।

मीनल केलिब
पिता सिरिल बेजिल केलिब
निवासी क्वा.नं. 27/बी,
सड़क-एवेन्यू सी, सेक्टर-02,
भिलाई नगर, जिला दुर्ग (छ.ग.)
पिन-490001

## खबर संक्षेप

### कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सीखा क्रॉफ्ट बनाना

**उतई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोड़िया में भिलाई नायर समाज कॉलेज सेक्टर 8 भिलाई की ममता साव एवं समस्त स्टॉफ के निर्देशन में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें कॉलेज के बी एड ट्रेनी के द्वारा शाला के विद्यार्थियों को क्राफ्ट सिखाया गया एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में विशेष अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि दाऊ आनंद चंद्राकर, ग्राम पंचायत कोड़िया के सरपंच खुमान निषाद, प्राचार्य नीलमणी उज्जवने, प्रधान पाठक सुधा राय उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सरोज साहू, रश्मि मेहता, तारिणी रंगारी, सुरेश देवांगन और जागेश्वरी वर्मा आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

### पीएम श्री विद्यालय विनायकपुर में वार्षिकोत्सव आज

**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में शाला प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत, एवं शाला परिवार के तत्वावधान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ वार्षिकोत्सव 2026 का आयोजन 9 फरवरी को किया गया है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर (विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं उपाध्यक्ष छग राज्य ग्रामीण विकास एवं अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग ),अध्यक्षता योगेन्द्र दिल्लीवार (सरपंच ग्राम पंचायत विनायकपुर), विशेष अतिथि प्रीतपाल बेलचंदन (अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग), सरस्वती बंजारे (अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग), श्रद्धा साहू (सदस्य जिला पंचायत दुर्ग), आशा विक्की मिश्रा (सदस्य जिला पंचायत दुर्ग), कुलेश्वरी देवांगन (अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग), अजीत चन्द्राकर (सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग) की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। वार्षिकोत्सव में बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। शाला प्रबंधन समिति द्वारा बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तित्व का सम्मान किया जाना है। बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### आमटी शाला में विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



**अंडा।** शासकीय प्रोन्नत पूर्व माध्यमिक शाला आमटी में छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी ने इन विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी बच्चों को पेन, कॉपी, कंपास बॉक्स, ड्राइंग किट सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई।

### निधन

**चंद्रशेखर साहू**



**दुर्ग।** वार्ड 58 ब्लॉक नंबर 55 श्वेता सदन बॉम्बे आवास निवासी चंद्रशेखर साहू का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार सुबह 11 बजे निवास स्थान से हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# ओटेबंद बगीचा गांव में क्षीरसागर मुद्रा में विराजमान हैं भगवान विष्णु

## जारी है कदंब के पेड़ में नारियल बांधने की परंपरा, महायज्ञ और 11 दिवसीय मेला 19 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बालोद व दुर्ग जिले की सीमा पर बसा ओटेबंद बगीचा गांव गुंडरदेही ब्लॉक में आता है। इस गांव के मंदिरों की अपनी विशेष पहचान है। इस क्षेत्र में भगवान विष्णु का काफी प्रसिद्ध मंदिर है। जिसमें विष्णु क्षीरसागर की मुद्रा में विराजमान है। साथ ही माता लक्ष्मी उनके पैर दबाते हुए नजर आ रही है। हर साल फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष पर यहां 11 दिनों का मेला लगता है। जिसे देखने दूर दूर से लोग आते हैं। इस बार श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन 19 फरवरी गुरुवार से 01 मार्च रविवार 2026 तक किया जा रहा है। यह पावन आयोजन क्षेत्र में धर्म, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का विशेष संदेश लेकर आ रहा है। इस अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का पावन वाचन राजीव नयन महाराज (श्रीधाम वृन्दावन) के श्रीमुख से 21 फरवरी से 01 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक होगा।





**कदंब के वृक्ष की अनोखी लीला**

मंदिर समिति के संस्थापक सदस्य वीरेंद्र कुमार दिल्लीवार बताते हैं कि इस मंदिर में एक कदंब का वृक्ष है। इस कदंब के वृक्ष से मांगी गई मन्नत जरूर पूरी होती है। बताया जाता है कि कदंब के वृक्ष में राधा रानी और श्री कृष्ण विराजमान है. मन्नत पूरी करने के लिए यहां नारियल बांधा जाता है। वृन्दावन से पहुंचे प्रमोद कृष्ण दास बताते हैं कि लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन इस मंदिर में किया गया।

### फाल्गुन शुक्ल पक्ष में हर साल लगता है मेला

ओटेबंद बगीचा गांव के विष्णुमंदिर में मेला लगने की परंपरा साल 1961 से शुरू हुई। तब से हर साल फाल्गुन शुक्ल पक्ष में मेला लगता आया है। इस मेले में शामिल होने भक्तों के साथ ही देश भर के साधु संत आते हैं। इस मंदिर में एक ऐसी मूर्तियों की श्रृंखला है जो देव उठनी पर केंद्रित है। इस मंदिर में भगवान विष्णु लक्ष्मी सहित अन्य देवी-देवता भी विराजित है। मंदिर समिति के संस्थापक सदस्य वीरेंद्र कुमार दिल्लीवार बताते हैं कि 1961 से पूर्वजों ने फाल्गुन शुक्ल पक्ष पर मेला शुरू किया था। मंदिर की स्थापना 1994 में शुरू हुई जो 1996 में पूरी हुई। सनातन हिन्दू महर्षि करपात्री महराज यहां आए और इस तीर्थ को तपोभूमि की संज्ञा दी। इस मंदिर में चार शंकराचार्य का आगमन भी हो चुका है।

## दो पाटों के बीच में पिस रहा है जामगांव आर

# ब्लॉक नहीं बन सका अब तक, अस्पताल और डाकघर जैसी सुविधाएं भी नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

जामगांव आर मूलभूत सुविधाओं के लिए दो पाटन के बीच पिस रहा है। एक तरफ तो राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है तो दूसरी तरफ स्थानीय विधायक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं। ऐसे में तमाम उम्मीदों के बावजूद जामगांव आर में समस्याएं चारों तरफ है और राहत कहीं नहीं। देश की स्वतंत्रता के 75 साल और छत्तीसगढ़ निर्माण के 25 साल बीत जाने के बाद भी दुर्ग जिले के 35 ग्रामों के केंद्र स्थल जामगांव आर में शासकीय स्वास्थ सेवा शून्य है।

सामान्य चोट लग जाने के बाद टिंचर लगाने के लिए भी शासकीय स्वास्थ सुविधा नहीं होना चिंतनीय है। जामगांव आर में उपतहसील, पुलिस थाना, शासकीय कालेज, शासकीय और प्राइवेट दो हायर सेकंडरी स्कूल ,दो बैंक और लोकनिर्माण विभाग का भव्य विश्राम गृह होने के बावजूद किन्तु शासकीय स्वास्थ सुविधा नदारद है। सितम्बर 2016 में जामगांव आर को ब्लॉक बनाने की मुहर राष्ट्रपति से मुहर लगने की चर्चा जोरो पर रही किन्तु सरकारों ने इस पर अमल नहीं किया। अंग्रेजों के समय की सायकल डाक सेवा आज भी जारी है। शासन प्रशासन सब गहरी निंद्रा में है जगाने पर भी आंख बंद रखते है।

**भाजपा शासनकाल में भी पूरी नहीं हो पा रही उम्मीदें**





### विधायक के सीएम बनने के बाद आज भी समस्याओं से घिरा

पाटन विधानसभा के अधीन जामगांव आर आता है। यहां से विधायक भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बनकर 5 निकाल चुके और पूर्व मुख्यमंत्री बन गए फिर भी समस्याएं यथावत हैं। यहां आमजनता आज भी शासकीय हॉस्पिटल की बाट जोह रही है। 50 बिस्तर हॉस्पिटल सुविधा के योग्य जामगांव आर में टिंचर लगाने लायक शासकीय स्वस्थ केंद्र तक नही है। शासकीय चिकित्सालय का नही होना आम जनता के लिए बड़ी समस्या है। अनेकों बार बीमार ग्रामीण उपचार त्वरित नहीं मिलने से शहर की ओर जाते समय रास्ते में दम तोड़ देते है। यह दर्दनाक स्थिति नेताओ के लिए आत्म अवलोकन का विषय है। 35 ग्रामों से जीवंत संपर्क रखने वाले 100 वर्षो से सेवा रत व्यापारिक केंद्र और शैक्षणिक केंद्र में 1000 से अधिक विधार्थियो का सीधा रोज का संबंध बना हुआ है। इसके बावजूद जामगाव आर में शासकीय चिकित्सालय नहीं होना विडंबना है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन विष्णुदेव साय सरकार होने के बावजूद आम जनता अभावों का जीवन जी रही है।

### जामगांव आर को अब तक नहीं मिल पाया है ब्लॉक का दर्जा

2013 में जामगाव आर को ब्लाक बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई उस समय वर्तमान सांसद विजय बघेल डॉ रमनसिंह प्रदेश भाजपा सरकार में छेत्र के विधायक संसदीय सचिव थे। इनकी सहमति व सहयोग से सारी प्रक्रियाएं पूरी हुईं। सितंबर 2016 में राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने की खबर सामने आ गई। प्रक्रियाएं आगे बढ़ती कितु 2018 में भाजपा प्रदेश सत्ता से बाहर हो गई। लेकिन सौभाग्य वश पुनः छत्तीसगढ़ में सत्तासीन हो गई और डॉ रमनसिंह अब विधानसभा जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण पद पर आसीन है। जामगांव आर विकासखंड दर्जा देने की मांग लेकर ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल समाजसेवी चतुर सिंह साहू के नेतृत्व में 25 जनवरी 2019 को सी एम भूपेश बघेल से प्रत्यक्ष भेंटकर आवेदन देकर फरियाद किए थे। आश्वासन तो मिला लेकिन जामगांव आर को ब्लॉक का दर्जा नहीं मिला।उल्लेखनीय है कि जामगांव आर में भवन आदि की माकूल व्यवस्था उपलब्ध है सरकार चाहे तो कम खर्च में भी विकासखंड प्रारंभ कर परेशान आम जनता के दर्द का निवारण कर सकती है।

### जामगांव आर में उप डाकघर की मांग

शाखा डाकघर वाले आसपास के 13 ग्रामपंचायतो एवं सजग लोगो ने जामगांव आर में उपडाकघर खोलने की मांग तात्कालिक सरपंच राजकुमार ठाकुर पँच द्धय तीरथ चन्द्राकर, डी डी मानिकपुरी ने प्रवर अधीक्षक हरिश कुमार महावत से भेंटकर आवेदन सौंपा था। विदित हो कि शाखा डाकघर से गुंडरदेही उपडाकघर की दूरी 13 से 30 किलोमीटर है जबकि जामगांव आर में उपडाकघर खुलजाने से सभी 13 शाखा डाकघर की दूरी 0 से मात्र 11 किलोमीटर हो जाएगी और आमजनता को डाक सेवा से लिए भटकने के बजाय वरदानित सुविधा जामगांव आर में मिलने लगेगी। साथ ही डाक विभाग के राजस्व में बेहिसाब इजाफा होगा। प्रतिलिपि पोस्ट मास्टर जनरल छतीसगढ़ रायपुर एवं मुख्यप्रबन्धक डाक विभाग भारत सरकार नई दिल्ली को रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की गई है। बताया कि सम्पूर्ण जानकारी के साथ सिविक सेंटर डाक विभाग मुख्यालय जाकर13 ग्रामपंचायतो एवम प्रबुद्ध वर्गों का सँयुक्त हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौपा गया है। बटरेल पूर्व सरपंच अभयराम ठाकुर रानीतराई पूर्व सरपंच निर्मल जैन ने कहा कि जामगांव आर से हर आधे घण्टे में जिला मुख्यालय दुर्ग के लिए बस सेवा 1 घण्टे में दुर्ग पहुंचने वाली डाक थैला का सफर होता है 1 दिन।

## अंचल की खबरें

### टीबी के लक्षणों के बारे में बताया



**सेलूद।** ग्राम पंचायत पंहडोर में सरपंच पंच आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला, आयुष के कर्मचारियों की संगोष्ठी आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत पंहडोर को टी बी मुक्त बनाने प्रयास जारी हैं।

इस वर्ष एक भी टी बी (क्षय रोगी) नहीं मिला है। पुराने मरीज ने अपनी दवा का कोर्स पूरा कर लिया है। इस संबंध में बी ई टी ओ व स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सैय्यद असलम ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुवनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग टीबी मुक्त जिला बनाने अभियान छेड़ा है। इसके लिए सामुहिक प्रयासों की आवश्यकता है। इस दौरान टी बी के प्रमुख लक्षण के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका वेगु गवेल और स्वास्थ्य संयोजक जितेन्द्र पटेल ने टी बी रोगियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में मिलने वाली सुविधाएं की जानकारी दी। कार्यक्रम में सरपंच पंच, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आयुष कर्मचारी जन प्रतिनिधि ओर ग्रामीण उपस्थित थे।

### सिर्री में आज चंदैनी गोंदा का कार्यक्रम

**उतई।** ग्राम सिर्री में दो दिवसीय सस्वर मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सरपंच भारती देवांगन और रामायण समिति के अध्यक्ष गुलाब देशलहरे ने बताया कि यह आयोजन का 30वां वर्ष रहा। मुख्य अतिथि कृतकेय बघेल रहे। अध्यक्षता कुलेश्वर बघेल ने किया। विशेष अतिथि केशव चन्द्राकर संतराम देवांगन, नंद राम वर्मा, पूनाराम निर्मलकर रहे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक कुंवर सिंह निषाद रहे। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने किया। विशेष अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुंडरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर ,जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी ,जनपद पंचायत सदस्य संध्या मनोज खरे ,सरपंच सिर्री भारती देवांगन ,बालमकुंद बघेल , महेश कुमार यादव होंगे। वहीं 9 फरवरी को सुबह 11 बजे खुमान साव कृत चंदैनी गोंदा का मंचन होगा।

### माता-पिता के चरणों में ब्रह्मांड समाहित हैं : उपाध्याय



**निकुम।** स्व .लक्ष्मण देशमुख व स्व कौशल्या देशमुख के स्मृति में ग्राम रूदा में चल रहे शिव महापुराण कथा में कथा वाचक पंडित कृष्ण कुमार उपाध्याय (आमटी)ने शिव कथा की महिमा की गंग धारा बह रही है। जिसमें सदानंद कार्तिकेय और गणेश की जन्मोत्सव की कथा बताते हुए कहा कि माता-पिता के चरणों में संपूर्ण ब्रह्मांड और चारों धाम समाहित हैं, क्योंकि वे इस धरती के साक्षात भगवान हैं। इस अवसर पर तारकेश्वरी देशमुख अवध राम देशमुख, तारा देशमुख, उत्तम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनकर भाव विभोर होकर भक्ति मय वातावरण में श्रवण कर रहे है।

### मातृशक्ति के सम्मान में ही समाज की सच्ची शक्ति निहित है : कीर्ति



**सेलूद।** पाटन विकासखंड के ग्राम छाटा में आयोजित दो दिवसीय संस्वर मानस गान प्रतियोगिता में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने माताओं, बहनों और बेटियों से आत्मीय संवाद कर स्नेह, सम्मान और आत्मविश्वास का संदेश दिया।

इस अवसर पर श्रीमती कीर्ति नायक ने कहा कि रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि हमारी माताओं, बहनों और बहुओं के जीवन में रचे-बसे संस्कारों, मर्यादा और श्रद्धा की जीवंत आत्मा है। इस अवसर पर जनपद सदस्य दुलेश्वर मानकुर, द्वारिका प्रसाद साहू, पंचगण केदार, योगेश्वर, नेमचंद, ओमप्रकाश, निरंजन, दानी राम, श्रीमती हीरावती, पद्मिनी निर्मल, ममता सपहा, सतरूपा कुर्रे, हेमलाल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## रामायण से सीख सकते हैं आदर्श जीवन जीने की कला : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



ग्राम गांधी नगर अण्डा एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय राज्य स्तरीय स्वर मानस गान सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक दुर्ग ग्रामीण ताम्रध्वज साहू उपस्थित हुये। उन्होंने रामायण के बारे में विस्तृत रूप बताया कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक शाश्वत महाकाव्य है जो सत्य, त्याग, धर्म, और प्रेम के माध्यम से एक आदर्श जीवन जीने की कला सिखाता है। यह हमें रिश्तों में मर्यादा, विपरीत परिस्थितियों में धैर्य, कर्तव्यनिष्ठा और अहंकार के विनाश का संदेश देता है। राम, सीता, और हनुमान के चरित्र व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में नैतिकता का मार्गदर्शन करते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तुलसीदास के रचित रामचरित मानस को पढ़कर अपने जीवन में उतारकर प्रसांगिक बनाए। उन्होंने आगे कहा कि मानस गान के माध्यम से भगवान राम के चरित्रों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष राधेश्याम चन्द्राकर, डॉ जेडी चेलक, हेमेंद्र चन्द्रकार, तेजराम चौहान, खिलेन्द्र यादव,रुपेश विश्वकर्मा,बीरेंद्र साहू, दूर्वाशा चन्द्रकार, यशवंत चन्द्रकार, धर्मेंद्र ठाकुर, महेंद्र यादव, डीपी चन्द्राकर, जयराम चन्द्राकर, डॉ. सुदामा चन्द्राकर आदि उपस्थित थे।

### मटंग में मंडई आज

**सेलूद।** मटंग में दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं आगे 9 फरवरी को ग्राम का मंडई मेला का कार्यक्रम रखा गया है। सरपंच अमित हिरवानी ने बताया कि 09 फरवरी को सुबह 11 बजे से दाई के दुलरवा नवरत्न जस झाँकी परिवार पटपर, मंडई मेला व रात्रिकालिन कार्यक्रम गोपाल बलराम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम निपानी, जिला बालोद का रखा गया है।



## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार व डिस्काउंट



**भिलाई।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनो की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि विश्वास व विश्वसनियता का प्रतीक ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए धन्यवाद दिया। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का **huid** कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है ।100% वापसी के साथ दिया जाता है वापसी करने पर काट छाट नहीं होती। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा प्रदान की जाती है साथ ही ख़रीदे गये ज़ेवर की घर पहुंच पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है व किसी भी गहने की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है। आशा है बेहतर से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए ओम ज्वैलर्स अवश्य पधारे।

### अपने जीवन को संकट में मत डालिए : डॉ. एचसी अग्रवाल



**भिलाई।** इसे नजर अंदाज कर छणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए। क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस, सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसेः शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि । ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्ननों थैरिपी पर आधारित केवल रस-रसायन में ही हैं। वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आईएसओ सर्टिफाईड सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एचसी अग्रवाल (एमडी) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट) रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग में स्थित है।


## दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के तीन दिवसीय अधिवेशन का समापन

# हर क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा दिल्लीवार समाज : पूर्व सीएम भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ का तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय सम्मेलन ग्राम देवरी ख में हुआ। अंतिम दिवस रविवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज को वर्तमान से ज्यादा भविष्य पर नजर रखना होगा। भविष्य हमारा सुदृढ़ हो इसलिए आज से हमें उन पर योजना बनानी होगी। अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष योगेंद्र बेलचंदन ने की। रविवार को महिला समिति के शुरूआती आयोजन में महिला समिति अध्यक्ष प्रीति देशमुख ने समिति द्वारा किए जा रहे रचनात्मक कार्यों की जानकारी दी। सचिव पुष्पा पिपरिया ने प्रतिवेदन पढ़ा। कार्यक्रम में समाज में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए ओम देशमुख, रीना देशमुख और कुसुम देशमुख आदि का सम्मान किया गया। प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र बेलचंदन, महामंत्री ललित देशमुख ,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, समाज के संरक्षक कालीशरण देशमुख, चंद्रिका देशमुख, उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, कोषाध्यक्ष दिलीप देशमुख, यशवंत दिल्लीवार सलाहकार, अध्यक्ष प्रीती देशमुख, सचिव पुष्पा पिपरिया और युवा समिति अध्यक्ष हेमंत देशमुख आदि उपस्थित रहे।



### समाज की प्रतिभाओं का सम्मान

आयोजित कार्यक्रम में युवा समिति ने समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया। इनमें सर्वोच्च अंक बारहवीं 2025 कुमारी प्रेमा देशमुख पिता हुबलाल, पूर्वी देशमुख पिता लुभान देशमुख, मयंक देशमुख पिता सुखदेव देशमुख झोला, सिद्धार्थ देशमुख पिता हुबलाल देशमुख दुर्ग, तूलिका देशमुख पिता स्व वीरेंद देशमुख चंगोरी, सर्वोच्च अंक दसवीं 2025 भूपेंद्र देशमुख पिता देवेंद्र कुमार देशमुख दूधली, लक्ष्मी देशमुख पिता डगर राम देशमुख देवरी (क), लीना देशमुख पिता महेंद्र कुमार देशमुख देवरी (क), सार्थक देशमुख पिता राजेश देशमुख भिलाई, हर्षित देशमुख पिता मधु देशमुख प्रियंका नगर भिलाई, कुमकुम देशमुख पिता दिलीप देशमुख भरदा (कोनारी ), युगांत देशमुख पिता नेमेंद्र देशमुख बुढ़ापारा बालोद, द्रोण देशमुख पिता राम सिंह देशमुख विनायकपुर, अभिनव देशमुख पिता किसन देशमुख चगोरी, कीर्तन देशमुख पिता सुखदेव देशमुख तिरगा, धनिका देशमुख पिता डोमार देशमुख दूधली, जिज्ञासा देशमुख आदि शामिल हैं।

### उत्कृष्ट खेती के लिए दिया गया सम्मान

आयोजित कार्यक्रम में खेतीखार सम्मान गिरीश दिल्लीवार फुंडा, बारी बखरी सम्मान बिना पिपरिया ग्राम कुंभली, पुना पिता विजय बेलचंदन ग्राम तिरगा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विमल गौतम, तेजराम देशमुख, भागवत देशमुख, भोजेंद्र देशमुख, नीरेश पिपरिया, आयोजक समिति सर्किल जंजगिरी अध्यक्ष अशोक भारदीय, कपिलदेव देशमुख सचिव महेन्द्र दिल्लीवार, रामरतन देशमुख, चिंतामणी देशमुख, ओंकारेश्वर हरमुख, ईश्वरी बाई देशमुख, भगवती देशमुख, श्याम देशमुख, झामिन देशमुख, केंवराबाई देशमुख, चंद्रकांता देशमुख, संतोष देशमुख, युवा अध्यक्ष तामेश्वर देशमुख, डोमेन्द्र कुमार देशमुख, विवेक गौतम, प्रदीप देशमुख, छत्रपाल देशमुख, सर्किल संरक्षक शेरसिंह देशमुख, सलाहकार राजेश देशमुख आदि सक्रिय रहे।

# भिलाई-चरोदा निगम में घमासान, एनओसी न मिलने के बाद उलझा मामला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई**

नगर निगम भिलाईतीन-चरोदा को केनाल रोड निर्माण के लिए राज्य शासन से 29 करोड़ 91 लाख रुपए रुपए की स्वीकृति मिली थी, लेकिन रेलवे प्रशासन और सिंचाई विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण यह परियोजना अधर में लटक गई है। इसके साथ ही इस राशि का खर्च सड़क-नाली या पानी पर किया जाएगा, इसे लेकर भिलाई-चरोदा निगम में घमासान मची हुई है। एक तरफ जनहित से जुड़ा पानी का मुद्दा है, तो दूसरी ओर विकास कार्यों की प्राथमिकता को लेकर राजनीतिक मतभेद।

जानकारी के अनुसार नगर उत्थान के लिए 29 करोड़ 91 लाख रुपए की स्वीकृति नगर निगम भिलाई-चरोदा को मिली थी। इस राशि से डबरापारा भिलाईतीन से इंदिरा नगर चरोदा तक केनाल रोड का निर्माण किया जाना था। जानकारों के अनुसार सिंचाई और रेलवे विभाग द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने के चलते केनाल रोड का निर्माण रद्द करना पड़ रहा है। हालांकि रेलवे की ओर से अभी आधिकारिक कोई जानकारी नहीं मिली है, लेकिन सिंचाई विभाग द्वारा जारी आदेश में अप्रत्यक्ष रूप से एनओसी देने से इंकार कर दिया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार केनाल रोड निर्माण के दौरान कुछ हिस्सा रेलवे के जमीन पर भी आ रहा है। केनाल रोड बनने से यातायात दबाव और दुर्घटनाओं के आशंकाओं को देखते हुए एनओसी नहीं दिया जा रहा। इस विषय में रेलवे ने कुछ स्पष्ट नहीं किया है। वहीं इस मामले को लेकर आयुक्त द्वारा अभी तक राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की बैठक नहीं ली गई और न ही यह जानकारी नहीं दी गई कि केनाल रोड निर्माण पर क्यों रोक लगी।

## करीब 30 करोड़ की केनाल रोड रद्द, मिली राशि सड़क, नाली या पेयजल में होगी खर्च, इसे लेकर मचा घमासान

### सिंचाई विभाग ने कहा अभी संभव नहीं

जानकारी के अनुसार नगर निगम भिलाईतीन-चरोदा ने डबरापारा भिलाईतीन से इंदिरा नगर चरोदा तक केनाल रोड निर्माण की स्वीकृति हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए संचाई विभाग को पत्र लिखा था। इस पर कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी तांदुला जल संसाधन उपसंभाग क्रमांक 4 से बताया गया कि वर्तमान में अनुबंध क्रमांक 29/डीएल 29 अगस्त 2023 के अंतर्गत भिलाई डिस्ट्रीब्यूटरी और उसके 5 नग माइनरों का रिमाडलिंग एवं लाईनिंग का निर्माण कार्य चल रहा है। अतः उक्त स्थान पर केनाल रोड निर्माण की तकनीकी स्वीकृति की अनुमति दिया जाना संभव नहीं है।






### विपक्ष की मांग, पानी की समस्या दूर करने में हो राशि का उपयोग

क्षेत्र के विधायक और विपक्ष के भाजपा पार्षदों का कहना है कि भिलाई-तीन चरोदा क्षेत्र में बीते कई वर्षों से भीषण जल संकट बना हुआ है। लगातार गिरता भूजल स्तर और पर्याप्त जल आपूर्ति की व्यवस्था न होने से आम नागरिक गंभीर परेशानी झेल रहे हैं। उनका तर्क है कि यदि यह राशि जल आपूर्ति, पाइपलाइन विस्तार और जल स्रोतों पर खर्च की जाए, जिससे हजारों लोगों को सीधा लाभ मिल सकता है। विपक्ष का कहना है कि सड़क और नाली बाद में भी बन सकती है, लेकिन पानी जीवन की बुनियादी जरूरत है। गर्मी के मौसम में हालात और बिगड़ने की आशंका है। वहीं सूत्रों के अनुसार सत्ता पक्ष के महापौर और निगम नेतृत्व का मत अलग है। उनका मानना है कि शहर में सड़क और नाली निर्माण की भी बड़ी आवश्यकता है और इस राशि का उपयोग बुनियादी शहरी ढांचे को मजबूत करने में किया जाना चाहिए।

### जनता तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने में खर्च होना चाहिए

आयुक्त को बैठक लेकर सभी से प्रस्ताव मंगना था कि इस राशि का प्रयास सड़क, नाली या पानी पर खर्च करें। अब तक कोई बैठक नहीं हुई। मेरा मानना है कि जीवन में पानी महत्वपूर्ण है। जल ही जीवन है। भिलाईतीन-चरोदा क्षेत्र में लगातार पानी की समस्या बनी हुई है। इस राशि का उपयोग आम जनता तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने में खर्च होना चाहिए। सड़क और नाली दूसरे मद से भी बनाए जा सकते हैं।

**डोमनलाल कोर्सेवाड़ा**, विधायक

### बैठक के बाद लेंगे निर्णय

करीब 30 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली केनाल रोड निर्माण कार्य रद्द हो गया है। इस राशि का उपयोग किस कार्य पर खर्च होंगे, इसका निर्णय 8 फरवरी के बाद बैठक लेकर लिया जाएगा।

**कृष्णा चन्द्राकर**, सभापति, भिलाईतीन-चरोदा निगम

### लोगों के घरों पर पहुंचे शुद्ध पेयजल

शहर सरकार की सोच है कि 29.91 करोड़ रुपए का खर्च नाली, सड़क व अन्य विकास कार्यों में होना चाहिए, लेकिन सभी की मांग है कि लोगों को शुद्ध पानी पहुंचाने में कार्य होना चाहिए। तांदुला बांध से मोरिद जलाशय से शुद्ध पीने योग्य पानी लोगों के घरों पर पहुंचे।

**रामखिलावन वर्मा**, नेता प्रतिपक्ष, भिलाईतीन-चरोदा निगम

## खबर संक्षेप

### 1 रुपए में सोनोग्राफी महाशिवरात्रि से शुरू

**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने अपने क्षेत्र की महिलाओं के स्वास्थ्य और सुलभ चिकित्सा देखते हुए गर्भवती महिलाओं के लिए मात्र 1 रुपये में सोनोग्राफी की सुविधा शुरू करने का फैसला लिया है। इस योजना का शुभारंभ 15 फरवररी को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए जीरो रोड शांति नगर स्थित विधायक कार्यालय में अवकाश दिवस छोड़ कर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक टोकन लेना होगा। टोकन लेने के लिए आधार कार्ड और चिकित्सक द्वारा दी गई रेफर पर्ची भी लाना होगा। टोकन मिलने के बाद मात्र 1 रुपये में सोनोग्राफी कराई जा सकेगी। 15 फरवरी के दिन ही एक और योजना का शुभारंभ होने जा रहा है जिसमें मात्र 1 रूपये में डायलिसिस भी होगा। इसके अलावा 25 दिसंबर से लगातार फ्री ब्लड टेस्ट सुविधा के तहत 31 प्रकार के टेस्ट हर दिन किए जा रहे हैं। इसके अलावा विधायक कार्यालय से 2 अप्रैल से मात्र 1 रुपये में पॉवर वाला चश्मा भी लोगों के लिए शुरू करने की घोषणा वो कर चुके हैं।

### डॉ. बघेल कॉलेज के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाई।** डॉ. खूबचन्द बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 के इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय की प्रवीण सूची में अपना स्थान बनाया। इतिहास विभाग की तीन मेधावी छात्रों ने विश्वविद्यालय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय और विभाग का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि में श्रृंखला नाईक ने द्वितीय स्थान, नम्रता वर्मा ने तृतीय स्थान तथा तरणी देवदास ने दसवां स्थान प्राप्त कर प्रवीण सूची में स्थान बनाया है। यह सफलता न केवल इन विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है, बल्कि इतिहास विभाग के सशक्त शैक्षणिक वातावरण एवं मार्गदर्शन का भी प्रमाण है।

## थाने में जमा होंगे प्रश्न पत्र, छह अलग-अलग रूटों से पहुंचेंगे प्रश्नपत्र

# 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाओं का प्रश्नपत्र वितरण 16 को, 30420 विद्यार्थी होंगे परीक्षा में शामिल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई**

अलग खबर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल इस बार फरवरी महीने में ही दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा आयोजित कर रहा है। दुर्ग जिले में भी इस परीक्षा की तैयारी अंतिम चरण में हैं। इस वर्ष जिले से कुल 30,420 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे, जिनके लिए 135 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा संचालन को सुव्यवस्थित रखने के लिए प्रश्नपत्रों और और गोपनीय सामग्री का वितरण दो चरणों में किया जाएगा। जेआरडी स्कूल से गोपनीय सामग्री का वितरण होगा। 16 फरवरी को 79 परीक्षा केंद्रों तक सामग्री पहुंचाई जबकि शेष 56 केंद्रों के लिए 17 फरवरी को वितरण होगा।



### छह रूट से पहुंचेगी सामग्री, 27 थानों के स्ट्रॉग रूम में

बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र बसों के माध्यम से छह निर्धारित रूट से भेजे जाएंगे। इन्हें जिले के 27 पुलिस थानों में बनाए गए स्ट्रॉग रूम में सुरक्षित रखा जाएगा। जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में स्ट्रॉग रूम की प्रश्नपत्रों के बंडलों की सीलिंग की जाएगी। संस्था प्रमुखों को निर्देश दिए गए हैं कि वे समय पर वितरण केंद्र आत्मानंद स्कूल, दुर्ग पहुंचें, ताकि गोपनीय सामग्री की बसों का संचालन निर्धारित समय पर किया जा सके।

**परीक्षार्थी संख्या**

| ब्लॉक | दसवीं | बारहवीं |
|---|---|---|
| दुर्ग | 9,951 | 8,114 |
| धमधा | 3,340 | 2,526 |
| पाटन | 3,566 | 2,923 |
| कुल | 16,857 | 13,563 |

| ब्लॉक | केंद्रों की संख्या |
|---|---|
| दुर्ग | 68 |
| धमधा | 36 |
| पाटन | 31 |
| कुल | 135 |

### 10वीं में 16,857 और 12वीं में 13,563 विद्यार्थी

दुर्ग जिले में कक्षा 10वीं के 16,857 और कक्षा 12वीं के 13,563 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों पर निगरानी, समन्वय और समयबद्ध संचालन को प्राथमिकता देने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस वर्ष परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था में आंशिक बदलाव किया गया है। फरीदनगर को नया परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जबकि रामनगर भिलाई स्थित परीक्षा केंद्र को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार यह निर्णय परीक्षा केंद्रों के बेहतर प्रबंधन और समन्वय के लिए किया गया है।

### गोपनीय सामग्री वितरण 16 से

बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर ली गई है। दसवी और बारहवीं बोर्ड के प्रश्नपत्रों का वितरण 16 व 17 फरवरी को किया जाएगा। केंद्राध्यक्ष अपने क्षेत्र के थाने में ले जाकर प्रश्नपत्र स्ट्रांग रूम में रखवाएंगे। जिस दिन जिस विषय की परीक्षा होगी उस दिन प्रश्नपत्र थाने से केंद्रों में लाए जाएंगे।

**-अरविंद कुमार मिश्रा,** जिला शिक्षा अधिकारी

**परीक्षा की ऐसे चल रही है तैयारी**

जिला शिक्षा विभाग द्वारा हाई/हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यों को नियमित प्रायोगिक कार्य करवाने कहा गया है। विद्यार्थियों को ब्लू प्रिंट के अनुरूप 5 वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करवाया जा रहा है। तिमाही छमाही परीक्षा के आधार पर चिन्हांकित विद्यार्थीयों को सीमित पाठ्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कराने एवं प्रायोगिक परीक्षा के बाद भी बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व तक विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति के निर्देश भी दिए गए हैं।

### इन केंद्रों के लिए होंगे प्रश्नपत्र वितरण

**16 फरवरी को** रूट क्रमांक 1 थनौद , चन्दखुरी, अंजोरा ख, रसमड़ा, सेजस नगपुरा, बोरई, अण्डा, मतवारी, तिरंगा, बेलौदी, पुलगांव, निकुम, रुट क्रमांक 2 रिसाली. मरोदा टैंक, सेजस उतई, कन्या उतई, पुरई, उमरपोटी, डुन्डेरा, सेजस सेलूद, कन्या सेलूद, देवादा, कन्या तर्रा, मर्रा, शा. हास्कूल कानाकोट, घुघवा, मचान्दुर, पाउवारा, पंहडोर रूट.3 करंजा भिलाई, ननकट्टी, खम्हरिया, औंरी, बोरी, नयागांव, पुरदा, लिटिया, टेमरी, हिर्री, चीचा, घोटवानी, रुट. 4 केसरा, सेजस पाटन, कन्या पाटन, तेलीगुंड्रा, सेमरी, भनसुली, तरीघाट, ओदरागहन, तेजस रानीतराई, बेल्हारी, सेजस जामगांव आर, बटरेल, कन्या रानीतराई रुट 5. कुगदा, सेजस कुम्हारी, पाहंदा कपसदा, लिमतरा, जामगांव एम, झीट, अमलेश्वर, जमराम, सांकरा पाटन, रुट .6 जेवरा सिरसा, बालक धमधा, कन्या धमधा, पेनड्रावन, दारगांव, राजपुर, कन्हारपूट्टी, बरहापुर, घोंठा, देवरी, कौही, सेमरिया, सेजस अहिवारा, सेजस नंदनी खुंदनी, गिरहोला, माटरा, मेदेसरा, कुल 79 केन्द्रों को प्रश्न पत्र वितरण किया जाएगा।

**17 फरवरी को** सेजस जे. आर.डी. दुर्ग, आदर्श कन्या दुर्ग तिलक कन्या दुर्ग. महात्मा गांधी, महावीर जैन, बोरसी सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह, दाउ ररु प्रसाद दुर्ग, तकियापारा, धनोरा, रुट 8. खालसा दुर्ग, सनसाईन, एल.एन. किल्ला दुर्ग, तितुरडीह दुर्ग, सेजस दीपक नगर, तुलाराम आर्य कन्या, शास.उ.मा.वि. उरला दुर्ग, रूट कन्या वैशाली नगर, कोहका कोसानगर, बालक सुपेला. कन्या सुपेला प्रयास श्रवण विकलांग संस्था सुपेला, मुक्तिधाम रामनगर भिलाई खम्हरिया, सेजस फरीदनगर, (नया) हाउसिंग बोर्ड, सेजस जामुल और कुरूद, सुरडुंग, नारा, सरस्वती विहार अंग्रेजी माध्यम हाउसिंग बोर्ड अहेरी रुट 10 बी.एस.पी सेक्टर 2, शास. केम्प 1 भिलाई, छावनी, शा.उ.मा.वि. जे.पी. नगर केम्प 2. शा.जोन 2 सेक्टर. 11 खुर्सीपार, निर्मला रानी खुर्सीपार, पं जवाहर लाल नेहरू न्यू. खुर्सीपार, बी.एस.पी. कन्या उ.मा.वि. खुर्सीपार, 12 कन्या भिलाई 03, पुरैना, सेजस चरोदा, जरवाय, सोमनी, औंधी, चरौदा, देवबलौदा, जंजगिरी, उरला बी.एम.वाय. कुल 56 स्कूलों को प्रश्न पत्र वितरण किया जाएगा।

## बॉयोमेट्रिक हाजिरी से वेतन भुगतान पर आपत्ति, निगम कर्मचारियों ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई**

नगर पालिक निगम भिलाई के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बायोमेट्रिक आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली के जरिए वेतन भुगतान पर आपत्ति दर्ज कराते हुए इसे फिलहाल स्थगित करने की मांग की गई है।

महासंघ ने कहा है कि वर्तमान में बायोमेट्रिक सिस्टम के माध्यम से पे-रोल जनरेट कर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है, लेकिन तकनीकी जानकारी और प्रशिक्षण के अभाव में कर्मचारियों को उपस्थिति दर्ज कराने में दिक्कतें आ रही हैं। कई मामलों में कर्मचारी पूरे दिन कार्यालय में उपस्थित रहने के बावजूद अनुपस्थित की श्रेणी में दर्ज हो जा रहे हैं। इससे वेतन कटौती का खतरा बना हुआ है और कर्मचारियों में मानसिक दबाव की स्थिति है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि निगम में कार्यरत नियमित, कार्यभारित और आकस्मिक मद के कर्मचारियों की विभिन्न मदों की राशि लंबित है। नई अंशदायी भविष्य निधि (एनपीएस), सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ), समूह बीमा (जीआईएस), जीवन बीमा (एलआईसी) और एरियर्स भुगतान में देरी का मुद्दा उठाया गया है। साथ ही अनुकंपा नियुक्त कर्मचारियों के समयमान निर्धारण और दैनिक वेतनभोगियों के नियमितीकरण पर भी कार्रवाई नहीं होने की बात कही गई है। महासंघ ने मांग की है कि अप्रैल माह तक बायोमेट्रिक प्रणाली के आधार पर वेतन भुगतान रोककर मैन्युअल व्यवस्था से वेतन जारी किया जाए, ताकि कर्मचारी नई प्रणाली के प्रति पूरी तरह अभ्यस्त हो सकें। कर्मचारी संगठन ने आयुक्त से समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई है।

■ निगम कर्मियों की मांग, अप्रैल तक मैन्युअल वेतन भुगतान हो

## एनआरआई की पत्नी से 31 लाख की ठगी, जुर्म दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई**

जमीन दिखाकर इकरारानामा कर उसे दूसरे व्यक्ति को बेचकर एनआरआई की पत्नी के साथ ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने ठगी का अपराध कायम कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि सुंदर नगर कोहका निवासी बुशरा कौसर ने पुलिस में शिकायत किया है कि नगपुरा पटवारी हल्का नंबर 29/59/2 में स्थित भूमि खसरा नंबर 464, 465, 466, 467/2 क्षेत्रफल 2.5 एकड़ है। जलेबी चौक छावनी निवासी ज्ञानेन्द्र कुमार ने इकरारनामा 31 मार्च 2021 को किया, इसे चेक के माध्यम से 18 लाख 50 हजार रूपये और आनलाईन ट्रांजेक्शन से 5 लाख 29 हजार रुपए दिया। इसके अलावा 7 लाख 21 हजार रूपये नगद ज्ञानेन्द्र कुमार को दिया गया। कुल रकम 31 लाख रूपये ज्ञानेन्द्र को दिया गया। लेकिन रकम लेने के बाद भी जमीन को पीड़ित के नाम पर रजिस्ट्री नही किया। पीड़िता लगातार रकम वापस करने ज्ञानेन्द्र के यहां चक्कर लगाती रही। अपने नाम का पट्टादार मकान प्रगति नगर केम्प 1 भिलाई में स्थित का सौदा 28 अगस्त 2024 को किया। जमीन बेचने के नाम से ज्ञानेन्द्र कुमार ने ठगी किया। महिला के पति अहमद अली एनआरआई है जो साऊदी अरब में नौकरी करते हैं। महिला को ज्ञानेन्द्र ने नगपुरा स्थित जमीन का सौदा किया था। लेकिन उक्त जमीन को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। रकम मांगने पर ज्ञानेन्द्र कुमार महिला के साथ गाली-गलौच,मारपीट और झूठे प्रकरण में फँसाने की धमकी दिया करता है। जिससे महिला मानसिक रुप से परेशान हो गई है।

## सेल ने दर्ज किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई**

सेल ने वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल से जनवरी की अवधि के दौरान कुल बिक्री में 16% की वृद्धि दर्ज की है। इस अवधि में 16.6 मिलियन टन की बिक्री हुई, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह आंकड़ा 14.3 मिलियन टन था। यह कंपनी द्वारा दर्ज की गई अब तक की सबसे अधिक संचयी बिक्री है।जनवरी 2026 में भी अब तक की सर्वश्रेष्ठ जनवरी बिक्री दर्ज की, जो 1.84 मिलियन टन रही। यह पिछले वर्ष के इसी महीने के 1.68 मिलियन टन के मुकाबले 10% से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। इस दौरान इन्वेंट्री में 0.25 मिलियन टन की कमी और उधार में पर्याप्त कटौती देखने को मिली। कई मानकों रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन देखा गया, जिनमें बिक्री, डिस्पैच, कैश कलेक्शन और ग्राहकों तक सीधी डिलीवरी है। उपलब्धियां हासिल कीं।



### यह हैं वित्त वर्ष की उपलब्धियां

सेल के इस्पात संयंत्रों से रिकॉर्ड प्रेषण के साथ डोर-डिलीवरी वॉल्यूम में विस्तार और वेयरहाउस बिक्री में वृद्धि हुई है।लॉजिस्टिक्स दक्षता और ग्राहकों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए बाजार में पैठ मजबूती के साथ मार्केटिंग वर्टिकल की पहलों से प्रेरित, ये उपलब्धियां, ऑपरेशन्स उत्कृष्टता के साथ ग्राहक-केंद्रित रणनीतियों को जोड़ने की सेल की क्षमता को दिखाती है।

## दो साल से नहीं हुआ चुनाव, पहले प्रबंधन पूर्ण करे अपूर्ण कर्मचारी वेतन समझौता

# बीएसपी में मान्यता यूनियन चुनाव नहीं होने का खामियाजा भुगत रहे हजारों कर्मी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई**

भिलाई इस्पात संयंत्र में प्रबंधन से संयंत्र और कर्मियों की समस्यों पर चर्चा करने के लिए प्रतिनिधि मान्यता यूनियन का अब तक चुनाव नहीं होने का खामियाजा हजारों कर्मचारियों के साथ श्रमिक संगठनों को भी भुगतना पड़ रहा है। चुनाव चार साल से लंबित अपूर्ण वेतन समझौता को पहले पूर्ण करने संबंधी यूनियनों की मांग व चुनाव प्रक्रिया की लेटतलीफी पर अटका हुआ है। इसके चलते कर्मियों के हितों से जुड़े अनेक मुद्दों का निदान नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में मान्यता यूनियन का कार्यकाल दो साल पूर्व समाप्त हो चुका है। यूनियनों के मुताबिक हर दो साल में मान्यता यूनियन के लिए चुनाव कराया जाना जरुरी है। सामान्यया वर्कर्स की समस्याओं को लेकर कोई भी श्रमिक संगठन बीएसपी के अधिकारियों से चर्चा कर सकता है। लेकिन बीएसपी कर्मियों द्वारा चुनी हुई यूनियन को सर्वाधिक सदस्यता का समर्थन होने से निदान के लिए प्रबंधन पर दबाव बनता है। दो साल से चुनाव नहीं होने के कारण वर्तमान में कोई प्रतिनिधि यूनियन नहीं है। चुनाव प्रक्रिया के नाम पर अब तक सहायक श्रम आयुक्त ने करीब छह माह पूर्व सभी प्रतिभागी यूनियनों से डिटेल मांगा था। वहीं प्रबंधन ने भी सिर्फ एक बार पहल की है। इसी तरह कुछ यूनियनों को छोड़कर प्रमुख यूनियनें भी चुनाव को लेकर उदासीन बनी हुई हैं। अब तक सिर्फ दो यूनियनों ने सीएलसी को दस्तावेज भेजे हैं। अधिकतर प्रमुख यूनियनों का कहना है कि प्रबंधन पहले चार साल से अपूर्ण वेतन समझौता का पूर्ण करे। इसी के बाद हम चुनाव चाहते हैं। सीटू के मुताबिक प्रबंधन यूनियनों को आपस में मतभेद पैदाकर लंबित वेतन समझौता से ध्यान भटकाना चाहता है। सीटू के पूर्व महासचिव एसपी डे बताते हैं कि सेल प्रबंधन पहले वेतन समझौता की विसंगतियों को दूर करे 39 महीने का लंबित एरियर्स भुगतान करे। इसके बाद ही चुनाव में जाएंगे।




### कर्मियों की कई समस्याएं लंबित

अब तक मान्यता यूनियन चुनाव नहीं होने से हजारों कर्मचारियों की कई समस्याएं अटकी पड़ी हैं। क्योंकि लंबित मुद्दों पर प्रबंधन से चर्चा करने कोई मजबूत यूनियन नहीं है। कर्मियों के मुताबिक आए दिन विभिन्न यूनियनें बीएसपी अधिकारियों से चर्चा कर कई मांगें पूर्ण होने का आश्वासन संबंधी दावा करती हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई हैं। चुनाव नहीं होने से प्रबंधन भी यूनियनो की चर्चा को गंभीरता से नही ले रहा है।

### दर्जनभर हैं श्रमिक संगठन

बीएसपी में दर्जनभर यूनियनें सक्रिय हैं। इनमें पांच एनजेसीएस और सात गैर एनजेसीएस यानी लोकल यूनियनें हैं। अब तक दो बार सीटू, एक मर्तबा इंटक और एक बार बीएमएस मान्यता चुनाव जीती है। चुनाव आईडी एक्ट से होता है। इसमें बीएसपी कर्मचारी बतौर सदस्य वोट डालते हैं। पूरी चुनाव प्रक्रिया श्रमायुक्त द्वारा संपन्न करवाई जाती है और मतदान केंद्रों, मदगणना आदि की तमाम व्यवस्था भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन करता है। पिछले दो साल के दौरान करीबन दो हजार कर्मचारी रिटायर होने से सदस्यों में चुनाव को लेकर रुचि कम होती जा रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घ्रुनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव

भिलाई, सोमवार 9 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129


04



क्रश को करना इंप्रेस तो इस तरह...

## लाइव इवेंट

### संस्कृत के बिना हिंदुत्व और भारतीय संस्कृति की रक्षा संभव नहीं



**भिलाई।** संस्कृत भारती दुर्ग जनपद द्वारा कण्ठे-कण्ठे संस्कृतं, गृहे-गृहे संस्कृतम् के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय संस्कृत संभाषण और भाषा-बोधन वर्ग का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक आयोजित किया गया। इस आवासीय शिविर में संस्कृत सीखने की इच्छा रखने वालों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस संस्कृत भाषा-बोधन वर्ग के पहले दिन से ही पूरा परिसर संस्कृतमय वातावरण से ओत-प्रोत रहा, जहां प्रतिभागी आपस में संस्कृत में संवाद करते हुए दिखाई दिए। शिविर की विशेषता यह रही कि सभी वक्ताओं ने अपने व्याख्यान संस्कृत भाषा में ही प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर प्रान्त शिक्षण प्रमुख नरेन्द्र साहू संस्कृत भारती मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। आर्य समाज के वरिष्ठ जगबंधु शास्त्री ने वर्ग संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में जनपद संयोजक प्रो जैनेंद्र कुमार दीवान, सहसंयोजक हरित वर्मा और विकासखंड पाटन संयोजक राजेश कुमार शास्त्री का विशेष योगदान रहा। शिविर में आर्य समाज के पदाधिकारियों में प्रधान अवनी भूषण पुरंग, मंत्री प्रवीण गुप्ता और रवि आर्य विशेष रूप से सम्मिलित रहे।

कार्यक्रम में आचार्य डॉ. अजय आर्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कृत हमारा स्वाभिमान और पहचान है। संस्कृत के बिना हिन्दुत्व, ऋषि परंपरा और भारतीय संस्कृति की रक्षा संभव नहीं है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से संस्कृत सीखने और उसे व्यवहार में लाने का आह्वान किया।

## लाइव इवेंट

### साई आरती-सत्संग के साथ सजा 45वां पारिवारिक मिलन सम्मेलन



**भिलाई।** मैत्री गार्डन में साईं भक्त परिवारों का 45वां वार्षिक पारिवारिक मिलन सम्मेलन भक्ति, संस्कार और उल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न गेम्स में विजेताओं को पौधा देकर पुरस्कृत किया गया। समारोह की शुरुआत साईं बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना और सामूहिक आरती से हुई। भजन-सत्संग के दौरान श्रद्धालु साईं नाम में लीन नजर आए और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद पारिवारिक मिलन के तहत बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए विभिन्न खेल एवं मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें सभी ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसीआरएल, सेलम ईडी डायरेक्टर आर.के. बिसारे की धर्मपत्नी डॉ. अमिता बिसारे उपस्थित रहीं। इस दौरान सदस्यों से कहा कि इस तरह के आयोजन परिवारों को जोड़ने के साथ-साथ नई पीढ़ी को आध्यात्मिक संस्कारों से जोड़ते हैं। इस अवसर पर उनका पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## लाइव इवेंट

### महाशिवरात्रि पर्व पर द्वादश ज्योतिर्लिंग एवं चैतन्य झांकी का आयोजन

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर दुर्ग में महाशिवरात्रि के अवसर पर 8 फरवरी से 16 फरवरी तक नौ दिवसीय शिव दर्शन आध्यात्मिक मेला का आयोजन किया जा रहा है। ब्रह्माकुमारीज दुर्ग की संचालिका ब्रह्माकुमारी रीटा बहन ने बताया कि प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के पर्व पर संस्था द्वारा भिन्न-भिन्न झांकी का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी 40 फीट ऊंचा शिवलिंग, उस पर अनवरत अनोखा दुग्धाभिषेक, शिव-शंकर की चैतन्य झांकी, आत्मा-परमात्मा का भेद, सृष्टि के उत्थान एवं पतन का अद्भुत दर्शन, सूर्य-चंद्र तारागण से पार की अनोखी दुनिया का रहस्य को आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी के द्वारा दिखायी जायेगी। मेले का समय रोज सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम 5 से रात 10 बजे तक रहेगा। शिवरात्रि परमात्मा शिव के अवतरण का यादगार दिन है। परमात्मा के इस दिव्य कर्तव्य का कार्य विगत 90 वर्षों से चल रहा है। इसलिए सभी मनुष्य आत्माओं को परमात्मा द्वारा दिये गये ज्ञान को देने इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व अत्यंत उमंग-उल्लास से मनाया जाएगा।

● भिलाई मैत्री बाग में फूलों, सब्जियों और अन्य प्लांट्स की अलग-अलग प्रजातियों का हुआ प्रदर्शन

# महकते व रंगबिरंगे फूलों से मैत्रीबाग हुआ गुलजार फ्लावर शो देखने उमड़ी प्रकृति प्रेमियों की भीड़

भिलाई स्टील प्लांट द्वारा संचालित मैत्रीबाग जू में रविवार 8 फरवरी को हर साल की तरह इस बार भी भव्य फ्लावर शो का आयोजन किया गया। पूरे जू को रंग बिरंगे महकते फूलों से सजा दिया गया। फूलों, सब्जियों और अन्य प्लांट्स की अलग-अलग प्रजातियों को शो में रखा गया, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में दुर्ग व आसपास के जिलों के लोग पहुंचे।बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के उद्यानिकी विभाग के द्वारा मैत्रीबाग में रविवार को फ्लावर शो का आयोजन किया गया। हर बार की तरह यहां मनमोहक विहंगम दृश्य देखने को मिला। इस पुष्पोत्सव को देखने के लिए ट्विनसिटी व आसपास के क्षेत्रों सहित अंचल के करीबन 60 हजार से अधिक लोग पहुंचे। सुबह 9 से रात 9 बजे तक प्रकृतिप्रेमी फूलों की बहार का दीदार करते रहे।



**भिलाई।** पचासों प्रजाति के फूलों और साग सब्जियों की 42 कैटेगरी में आयोजित इस पुष्प प्रदर्शनी में 4 सौ बीएसपी और नान बीएसपी प्रतिभागियों ने भाग लिया। कई प्रकार के गुलाब,डहलिया, ग्लोरीबंडा, मेरीगोल्ड, कैलेंडूला, पैंजी, डहलिया, पिटूनिया, डेटस आदि फूलों के अलावा कैक्टस, बोन्साई, हाउस गार्डन, बीएसपी व नान बीएसपी स्कूल गार्डन, फ्लोरल डेकोरेशन आदि फूलों व साग सब्जियों की श्रेणियों में आयोजित इस आकर्षक पुष्प प्रदर्शनी हर तरफ फूलों का दरीचा खिला हुआ था। पीपल गार्डन में भव्य पंडालों व खुले लांन में प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों को कट फ्लावर, बाटल फ्लावर और गमलों में प्रदर्शित किया गया था। इन्हें देखने के लिए लोग खासे उत्साहित दिखे। लोग देर शाम तक इनका नजारा लेते रहे।







### आकर्षण का केंद्र बनी दस किलो की लौकी व पत्तागोभी

फ्लावर शो में खूबसूरत फूलों के साथ सब्जियां भी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी। फलों व हरी सब्जियों से बनी कलाकृतियों, सलाद व तरह तरह तरह के गुलदस्तों व मालाओं ने भी प्रकृतिप्रेमियों को लुभाया। लोग दस किलो की 3 लंबी लौकियां और दस किलो की पत्ता गोभी को देखने बड़ी संख्या में पहुंचे। बंदा गोभी, मूली, गाजर व शिमला मिर्च से बने चिड़िया के खोंसलों व प्लेन और पपीता व टमाटम और शलजम से सृजित ट्रेन और हट आदि देखकर मुग्ध हुए। वहीं भीमशंकर की आपरेशन सिंदूर व अहमदाबाद प्लेन क्रेश पर भी आकर्षक रंगोली बनाई गई थी। 70 से अधिक स्टाल्स में औषधीय पौधों, खाद आदि विभिन्न संस्थानों व संगठनों द्वारा उत्पादों को प्रदर्शित किया गया था। प्रदर्शनी में 30 फीट का टाईगर 22 फीट का बारह सिंगा देख लोग मुग्ध थे। आर्केस्ट्रा व फूलों के मोर के सेल्फी जोन में सेल्फी लेने लोग कतार में लगे थे।





### पुरस्कार वितरण समारोह में डीआईसी महापात्र ने प्रकृतिप्रेमयों को सराहा



शाम 6 बजे खचाखच भरे मैत्रीबाग के कैंडल गार्डन में पुष्प प्रदर्शनी का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज चित्तरंजन महापात्र और विशिष्ट अतिथि ईडी पवन कुमार, प्रवीण निगम, कमल भास्कर ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। रोज व ग्लोरीबंड कट फ्लावर सहित विभिन फूलों, बीएसपी नान बीएसपी हाउस उद्यान व फ्लोरल डोकोरेशन आदि के पुरस्कार प्रदान किए गए। किंग आफ द शो व क्वीन आफ दे शो व डीआईसी की ओर से दो स्पेशनल अवार्ड सहित करीबन दौ सौ पुरस्कार दिए गए। हाउस गार्डन में सेक्टर नौ की रीना दीक्षित को सेकंड सहित विभिन्न फूलों के लिए कुल 13 पुरस्कार प्रदान किए गए वहीं बीएसपी रसिडेंशिलय हाउस में सेक्टर 1 की शीबा को प्रथम, डाली शाजीमन द्वितीय रहीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि किसी भी आयोजन के लिए पैशन होना जररी है, जो उद्यानिकी विभाग के फ्लावर शो में दिख रहा है। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए पर्यवारण संरक्षण में बीएसपी की भूमिका आगे ले जाने का आह्वान किया। पूर्व में जीएम श्रीनिवास ने प्रतिवेदन पढ़ा। समारोह का संचालन सुप्रियो सेन व आभार प्रदर्शन मैत्रीबाग के प्रभारी व महाप्रबंधनक डां. एनके जैन ने किया।





## हमारी संस्कृति और परंपरा को जीवित रखने का सशक्त माध्यम है जस झांकी

**दुर्ग।** ग्राम खुर्सीडीह और खुरसुल में दो दिवसीय देवी जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

अंचल की विभिन्न मंडलियों ने महिषासुर वध, शुंभ-निशुंभ वध और द्रौपदी चीरहरण जैसे प्रसंगों की प्रस्तुति दी। झांकियों और जस गायन ने देर रात तक श्रद्धालुओं को बांधे रखा। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि जस झांकी प्रतियोगिता हमारी संस्कृति और परंपरा को जीवित रखने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि देवी की कथाएं केवल मंच तक सीमित न रहें, बल्कि उनके संदेश को जीवन में उतारने की जरूरत है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू यादव, सरपंच गायत्री साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



## गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने शहर में निकली बाइक रैली

**भिलाई।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने और गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर बाइक रैली निकाली गई। इसमें सैकड़ों की संख्या में गौ प्रेमी, समाजसेवी, संत और धार्मिक नेता शामिल हुए। गौ हत्या बंद करो और गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करो के नारे लगाए गए। रैली के दौरान गौ माता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नारे लगाए गए और गौ माता के संरक्षण और कल्याण के लिए समर्थन जुटाया गया। रैली के आयोजकों ने बताया कि गौ माता हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है और उन्हें राष्ट्र माता घोषित करने से हमारी संस्कृति और परंपरा का सम्मान होगा। उन्होंने कहा कि गौ हत्या एक गंभीर अपराध है, और इसे रोकने के लिए सख्त कानून बनाने की जरूरत है। रैली के समापन पर आयोजित सभा में गौ माता के संरक्षण और कल्याण के लिए संकल्प लिया गया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि गौ माता हमारी माता है, और हमें उनके संरक्षण और कल्याण के लिए एकजुट होना होगा।



महाप्रसाद का किया गया वितरण, आज लगेगा गोपालकाला का भोग

## संत गजानन मंदिर दुर्ग में गाजे-बाजे संग निकाली पालकी यात्रा, प्रकटोत्सव में झूमें भक्त

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** श्री संत गजानन मंदिर दुर्ग में रविवार को गजानन महाराज का प्रकटोत्सव के चार दिवसीय आयोजन का समापन हुआ। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जन प्रमुख रूप से शामिल हुए। आज गोपाल काला का वितरण शाम 4 बजे किया जायेगा। इस दौरान सुबह 6 बजे संत गजानन महाराज का जलाभिषेक मंदिर के पुजारी द्वारा किया गया। विजय ग्रंथ का पठन सुनील चौरे ने किया। सुबह साढ़े 8 से 10 बजे तक सत्यनारायण भगवान की पूजा-अर्चना राजेश रडके अध्यक्ष, गजानन मंदिर समिति द्वारा संपन्न कराई गई।

### चौक-चौराहों पर हुआ पालकी यात्रा का स्वागत

इस अवसर पर सुबह 10 बजे महाराज की पालकी यात्रा भ्रमण पर निकाली गई। यह पालकी यात्रा मंदिर से निकलकर विभिन्न मार्गो से होते हुये वापस मंदिर पहुंची। यह यात्रा जिस भी मार्ग से निकली वहां पालकी का स्वागत पूजन किया गया। गाजे-बाजे संग निकली पालकी यात्रा दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला शासकीय चिकित्सालय दुर्ग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज दानी के निवास स्थान से गुजरी जहां उनके परिवार सहित पूजा-अर्चना की गई। पालकी यात्रा मंदिर में पहुंचने के बाद भजन और महाराज की आरती की गई। जिसके बाद महाप्रसाद का आनंद सभी ने लिया। भंडारे में प्रसाद वितरण का सिलसिला 4 बजे तक जारी रहा। वही रात 8 बजे सुंदर कांड का पाठ मंदिर समिती मंडली द्वारा किया गया।



### हुडको मंदिर में जारी रही पूजा का क्रम

गजानन महोत्सव के क्रम में हुडको भिलाई के गजानन मंदिर में सुबह 9 बजे गणपति पूजन, पुण्य वचन, कलश स्थापना कर रुद्राभिषेक पंडितों द्वारा किया गया। दोपहर 3 बजे श्याम घूमकेकर का कीर्तन किया गया। रात 8 बजे स्वर धारा संगीत का कार्यक्रम रागिनी देवल मुंबई द्वारा भक्ति गीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें काफी संख्या में भक्त शामिल हुए।

### मंदिर में बनेगा भक्त निवास

इस अवसर पर दोपहर को भंडारे का आयोजन किया गया था। इस दौरान शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव गजानन मंदिर दुर्ग पहुंचकर गजानन महाराज के दर्शन किये और आशिर्वाद लिया। साथ ही भक्त निवास के निर्माण कार्य के लिए अनुदान की घोषणा भी की। इस दौरान भंडारे में दुर्ग शहर कि महापौर अलका बाघमार, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल और पूर्व विधायक ने भी गजानन महाराज के दर्शन का लाभ लिया और प्रसादी ग्रहण की।



**सिटी लाइव**

## समता साहित्य अकादमी का जिला स्तरीय कार्यकारिणी का विस्तार






**भिलाई।** राष्ट्रीय स्तर पर कला साहित्य, संस्कृति और सामाजिक समरसता, साहित्य सृजन, प्रतिभा सम्मान कराने वाली संस्था समता साहित्य अकादमी यवतमाल, महाराष्ट्र ने छत्तीसगढ़ राज्य में संस्था का विस्तार करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार और संस्कृतिकर्मी, संपादक, कला परम्परा डॉ. डी.पी. देशमुख को दुर्ग जिला का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. डी.एस. टंडेकर के निर्देशानुसार छ ग राज्य के अध्यक्ष डॉ. सुरेश ठाकुर और डॉ. शरद चोपकर द्वारा प्रदान किया गया। जिसकी सूचना जिला के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और जिला जनसंपर्क विभाग को दी गई है। समिति के जिला अध्यक्ष डॉ. देशमुख ने इन विधाओं से जुड़े जिले की कार्यकारिणी का गठन और विस्तार कर प्रदेश अध्यक्ष को जानकारी दी। पदाधिकारियों में डॉ. सुरेश तिवारी कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वय डॉ. कृष्ण कुमार पाटिल व विजेंद्र वर्मा, महासचिव डॉ. गिरधर चंद्रा, सचिव संगीता वर्मा, सह सचिव नीता देशमुख और सी आर ठाकुर, संगठन सचिव डॉ. कल्याण सिंह साहू को बनाया गया।

**सिटी इवेंट**

## रक्तदान को बढ़ावा दे रही प्रजा सेवा समिति का हुआ सम्मान



**भिलाई।** श्री साईं नाथ जन सेवा समिति के 8वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रजा सेवा समिति को समाज के प्रति उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। प्रजा सेवा समिति पिछले 16 वर्षों से रक्तदान एवं सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। जिसमें रक्तदान, गरीब बच्चियों का विवाह और बारिश मे गिर गए गरीबों के घर बनाए हैं। यह सभी कार्य प्रजा सेवा समिति के सभी सदस्यों ने मिलकर किए है। समारोह में प्रजा सेवा समिति के अध्यक्ष डी. श्रीनिवास, सक्रिय सदस्य जे.डी. ख़ान, दीपक कुमार, श्रीनिवास, राम अवतार यादव, विश्वनाथ गुम्मीदी और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**समाज इवेंट**

## सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई, 40 वर्षों के कार्यों को किया याद

- साईंस कालेज दुर्ग में वाणिज्य के प्राध्यापक डॉ. एच.पी. सिंह सलूजा हुए सेवानिवृत्त

**भिलाई।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. हरजिंदर पाल सिंह सलूजा को लगभग 40 वर्षों की लंबी शासकीय सेवा के बाद सेवानिवृत्ति पर महाविद्यालय परिवार एवं स्टॉफ क्लब द्वारा समारोह के दौरान विदाई दी गई। जानकारी देते हुए स्टॉफ क्लब के प्रभारी डॉ. ज्योति धारकर ने बताया कि महाविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में आयोजित बिदाई समारोह में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. एच.पी. सिंह सलूजा ने अपने 40 वर्ष के शासकीय सेवा काल के दौरान विभिन्न संस्मरणों तथा साथ में सेवा किये प्राचार्यों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का उल्लेख किया। डॉ. सलूजा ने कहा कि शासकीय सेवा निवृत्ति एक सतत प्रकिया है, परंतु यदि व्यक्ति चाहे तो सेवा निवृत्ति के पश्चात जीवन के दूसरे पहलुओं को जीत सकता है। डॉ. सलूजा ने अपने पारिवारिक सदस्यों तथा महाविद्यालय परिवार द्वारा दिए गए सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद दिया। समारोह की शुरुआत सरस्वती पूजन और स्वागत गान के साथ हुई। डॉ. ज्योति धारकर के संयोजकत्व में आयोजित बिदाई समारोह में प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने जामुल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एस. सिंह एवं अन्य वरिष्ठ प्राध्यापकों की उपस्थिति में डॉ. सलूजा को श्रीफल, शॉल, स्मृति चिन्ह एवं पेंशन तथा ग्रेच्युटी से संबंधित आदेश पत्र सौंपे। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. सलूजा का सम्पूर्ण जीवन सादगी एवं मृदु व्यवहार के साथ बीता। उन्होंने डॉ. सलूजा से महाविद्यालय को आवश्यकता होने पर सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर डॉ. सलूजा की धर्मपत्नि डॉ. जगजीत कौर, पुत्र हिमेश सलूजा तथा पुत्र वधू शुभांगी सलूजा भी उपस्थित रही।

## दिव्यांग और वृद्धजनों के सशक्तिकरण के लिए लगाए जा रहे जांच शिविर

- कल्याणी संस्था द्वारा न्यू कृष्णा नगर में व्हीलचेयर, बैसाखी कि किया जाएगा वितरण

**भिलाई।** दिव्यांगजन और वृद्धजनों को आत्मनिर्भर व सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन भिलाई द्वारा निःशुल्क सहायक उपकरण जांच शिविर का आयोजन न्यू कृष्णा नगर सुपेला में किया जा रहा है।

शिविर के दौरान दिव्यांग और वृद्धजनों की विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य जांच व आवश्यकता के आंकलन के साथ ही जांच उपरांत पात्र लाभार्थियों को द्वितीय चरण में आवश्यक सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा, जिससे वे दैनिक जीवन की गतिविधियों को सुगमता और आत्मविश्वास के साथ संपन्न कर सकें। शिविर में व्हीलचेयर, बैसाखी, वॉकर, श्रवण यंत्र, ट्राई साइकिल सहित अन्य आवश्यक सहायक उपकरणों की आवश्यकता रखने वाले दिव्यांगजन आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी की छायाप्रति और वृद्धजन आधार कार्ड की छायाप्रति जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर जांच करा सकते हैं।

**बीएसपी ने किया भिलाई स्टील हाफ मैराथन का आयोजन, प्रभारी निदेशक ने दिखाई हरी झंडी**

# फिट इंडिया के लिए दौड़ी इस्पात नगरी, स्वस्थ रहने का दिया संदेश, विभिन्न वर्गों में जीता पुरस्कार

**भिलाई।** स्वस्थ रहने का संदेश देते हुए रविवार सुबह इस्पात नगरी के लोगों ने दौड़ लगाई। भिलाई स्टील प्लांट के द्वारा आयोजित फिट इंडिया कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में अलग-अलग आयु वर्ग के लोग पहुंचे थे। बीएसपी के प्रभारी निदेशक चितरंजन महापात्र ने मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाई। शहीद वीर नारायण सिंह जयंती स्टेडियम में भिलाई स्टील हाफ मैराथन का आयोजन रविवार को किया गया था। इसमें 21.09 किमी की हाफ मैराथन, 10 किमी तथा 5 किमी दौड़ की तीन श्रेणियां शामिल थीं। इसमें भिलाई ही नहीं पूरे देश और विदेश से 3 हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया। 21.09 किमी हाफ मैराथन सुबह 6 बजे प्रारंभ हुई। इसके बाद 10 किमी दौड़ 6:30 बजे और 5 किमी दौड़ 6:45 बजे शुरू हुई। सभी दौड़ें जयंती स्टेडियम से शुरू होकर टाउनशिप के निर्धारित मार्गों से होती हुई पुनः उसी स्थल पर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, पवन कुमार, कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार, सहित संयंत्र के सीजीएम, जीएम, सेफी व ओए अध्यक्ष एनके बंछोर, महाप्रबंधक प्रभारी जेएन ठाकुर, डीजीएम राजेन्द्र आदि अधारियों सहित शहर नागरिक उपस्थित थे।



### शक्ति, परिश्रम और समर्पण का नाम है बीएसपी

कार्यक्रम में प्रभारी निदेशक महापात्र ने कहा कि बीएसपी अपनी शक्ति, परिश्रम और समर्पण के लिए जाना जाता है तथा आज धावकों ने स्वास्थ्य के प्रति नई प्रतिबद्धता का परिचय दिया है, जो वास्तविक संपदा है। उन्होंने सभी से प्रतिदिन कम से कम एक घंटा अपने स्वास्थ्य के लिए समर्पित करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए फिट इंडिया आंदोलन' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि नागरिक स्वस्थ होंगे तो वे एक प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में अधिक प्रभावी योगदान दे सकेंगे। मैराथन के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में आठ लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। प्रत्येक श्रेणी एवं आयु वर्ग के शीर्ष 10 विजेताओं को समापन समारोह में नगद पुरस्कार, स्मृति-चिह्न, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।




बीएसपी द्वारा आयोजित भिलाई स्टील हाफ मैराथन 2026 में विधायक देवेंद्र यादव अपनी पत्नी डॉ. श्रुतिका यादव के साथ हुए शामिल।





### ये रहे विजेता

21.9 किमी की दौड़ के लिए (पुरुष, 18–45 वर्ष) वर्ग में आरिफ अली ने 1:05:05 समय के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजन यादव (01:05:18) द्वितीय तथा रवि गुलिया (1:05:39) तृतीय रहे। 21.9 किमी (पुरुष, 45 वर्ष से अधिक) वर्ग में भास्कर कांबले (01:16:59) प्रथम, जयपाल भोयर (01:17:10) द्वितीय तथा अश्विनी आचार्य (1:19:05) तृतीय स्थान पर रहे। 21.9 किमी (महिला, 18–45 वर्ष) वर्ग में मुन्नी देवी (01:19:51) प्रथम, कुमारी ज्योति (1:20:31) द्वितीय तथा कोमल साहू (1:20:55) तृतीय रहीं। 45 वर्ष से अधिक महिला वर्ग में रेनू कौर सिद्धू (1:55:40), विद्या धापोड़कर (02:00:16) एवं शोभा यादव (2:13:23) क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं।

**10 किलोमीटर की दौड़ के विजेता :** 10 किमी (पुरुष, 18–45 वर्ष) वर्ग में जीतू गुर्जर (00:31:00) प्रथम, लिखेंद्र कुमार ( 31:34) द्वितीय एवं सुरेश कश्यप (31:52) तृतीय रहे। 45 वर्ष से अधिक पुरुष वर्ग में सुभाष चिमनकर (39:24) प्रथम, राजेश यादव 43:24) द्वितीय तथा राम दयाल ध्रुव (46:12) तृतीय रहे। 10 किमी (महिला, 18–45 वर्ष) वर्ग में मिताली भोयर (36:44) प्रथम, पूजा यादव (37:27) द्वितीय एवं भगवती यादव (00:39:37) तृतीय रहीं। 45 वर्ष से अधिक महिला वर्ग में सुनीता सूर्यवंशी (1:06:14), ज्योति वारके (1:40:24) एवं डॉ. हिमानी गुप्ता (1:43:48) क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं।

**5 किलोमीटर की दौड़ के विजेता :** 5 किमी (पुरुष, 18–45 वर्ष) वर्ग में गौरव कुमार (15:31) प्रथम, आयुष शर्मा (15:48) द्वितीय एवं लोमश ध्रुव (15:59) तृतीय रहे। 45 वर्ष से अधिक पुरुष वर्ग में राकेश रत्नाकर (20:12) प्रथम, लेखराम आडिल (23:00) द्वितीय एवं चेन्नय्या (23:27) तृतीय रहे। 5 किमी (महिला, 18–45 वर्ष) वर्ग में प्रियंका साहू (00:19:07) प्रथम कविता पाल (19:11) द्वितीय एवं ममता कुमार 19:24) तृतीय रहीं। 45 वर्ष से अधिक महिला वर्ग में नीना मलिक (32:45), बेन ठाकुर (33:36) एवं पल्लवी ठाकुर (34:21) क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं।

**आध्यामिक माहौल**

## अध्यात्म से जागरुकता की मिसाल बनी महिला भक्ति समिति, कालोनी में गूंजते रहते है भजन-कीर्तन




**भिलाई।** यूं तो भजन-कीर्तन की परंपरा बरसों से चली आ रही है लेकिन दुर्ग के गणपति विहार की महिलाओं की भक्ति शक्ति समिति का अंदाज ही निराला है। विगत दो वर्ष पहले मात्र 4 महिलाओं ने कॉलोनी के पंच देवालय मंदिर में यू ही भजन की शुरूआत की, और धीरे धीरे उन्होंने सामाजिक सरोकार और जागरूकता के भी कार्य प्रारंभ किए। समय अनुसार कारवां बढ़ता गया और सदस्यों की संख्या भी बढ़ती गई। किरण पाण्डेय और मनीषा तिवारी की लगातार भक्ति शक्ति की पहल ने लोगों को जोड़ना शुरू किया। हर मंगलवार और शनिवार को सुंदरकांड का पाठ नियमित होने लगा। कोई भी धार्मिक या सामाजिक अवसर हो समिति के लोकप्रिय भजन की बात ही कुछ अलग है।

समिति की वरिष्ठ सदस्य किरण पाण्डेय बताती हैं कि सुंदर कांड का पाठ से हमारे अंदर एक नया उत्साह और आत्मविश्वास आता है और हमें अच्छे कार्यों के लिए प्रेरणा भी मिलती है। भजन के साथ ही सामाजिक और नारी सशक्तिकरण के मुद्दों पर विचार विमर्श का माध्यम भी बनता है। हम एक जुट हो कर अपने साथियों के दुःख सुख में सहभागी भी बनते है। मनीषा तिवारी हर सप्ताह नए भजन प्रस्तुत करती हैं जिसका आनंद सभी को मिलता है। वे बताती हैं कि हम सदस्यों के जन्मदिन को भी उत्साह से भक्ति संगीत से मनाते है। हमारे साथ सक्रिय टीम ममता साहू, ज्योत्सना उपाध्याय, गीता राव, नीलू देवांगन, रूबी सिंह, वर्षा अग्रवाल, लता बंसल, दीक्षा गुप्ता, राजेश्वरी सिंह, अनीता दुबे, नमिता देवांगन, जानकी साहू शामिल रहती है। वरिष्ठ सदस्य किरण पाण्डेय ढोलक में साथ देती है। सदस्यों ने बताया कि समिति अपने सदस्यों की सहयोग राशि से सामग्री खरीदते हैं। सुंदरकांड का पाठ हो या भजन भक्ति का आयोजन सब मिलकर जुलकर एक अच्छा वातावरण बनाते है। महिला समिति की सक्रियता भारतीय संस्कृति एवं परम्परा के उत्थान का प्रतीक बन गई है।कालोनी में लोग घरों में भजन के लिए समय समय पर बुलाने लगे है।

**प्रतिभाशाली बच्चे हुए सम्मानित**

## बच्चों ने अपनी प्रतिभा और मनमोहक प्रस्तुति से अतिथियों को किया मन्त्रमुग्ध



**भिलाई।** ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल पांच रास्ता सुपेला और महात्मा ज्योतिबा फुले विद्यालय कोसा नगर का सयुंक्त वार्षिक उत्सव महात्मा ज्योतिबा फुले विद्यालय प्रांगण मे रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में दोनों विद्यालय मे पढने वालो बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभा और मनमोहक प्रस्तुति से पालको और अथितिगणों को मन्त्रमुग्ध कर दिया! वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए निदेशक डॉ. नीलकमल सोनी ने कि वर्ष 1994-95 से ये दोनों विद्यालय श्रमिक बहुल क्षेत्र मे अपनी विशिष्ट पहचान बनाते हुए बच्चों की सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। बच्चों को शिक्षा के साथ साथ बच्चों मे संस्कार,समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए अपनी समर्पण का भी बोध कराता है।

मुख्य अतिथि के रूप मे गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्ले ने इन बच्चों के साथ अपनी पुरानी यादो को साझा करते कहा कि बच्चों की हर संभव मदद के लिए उनका संस्थान हमेशा साथ रहेगा। शासकीय कन्या उत्तचर माध्यमिक शाला सुपेला की प्राचार्या सुनीता लक्ष्मी टिपले ने महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा महिला शिक्षा मे किए गए कार्यों को याद दिलाते हुए ऐसे ही महान बनने के लिए बच्चों को अपना आशीष वचन दिया! कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संजय खंडेलवाल ने कहा कि दोनों विद्यालय जिस प्रकार श्रमिक बहुल क्षेत्र मे शिक्षा का योगदान दे रहे है, वास्तव मे ऐसे विद्यालय से ही हीरे निकल कर अपने परिवार और राष्ट्र को गरिमा बढ़ाते है। आयोजन में विशिष्ट अथिति शारदा गुप्ता, सुनील पिल्ले, विनोद उपाध्यय, निशु पाण्डेय, भास्कर तिवारी,श्री डोमने और अरुण साहू ने भी अपनी बात रखी। आभार प्रदर्शन प्राचार्य बीआर साहू ने किया।

**न्यू पंचशील नगर में श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस पर भक्ति और आनंद का महासागर उमड़ा**

**कार्नर न्यूज**

## रासलीला, कंस वध, उद्धव भक्ति, उपदेश सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु और निभाई गई रुक्मणि विवाह की रस्म

**भिलाई।** दुर्ग में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन भक्तिभाव, प्रेम और आध्यात्मिक रस की अद्भुत अनुभूति देखने को मिली। जहां कथा वाचिका देवी नंदिनी चौबे द्वारा कथा का श्रवण कर श्रद्धालु प्रभु भक्ति में लीन दिखाई दिये। पंचशील नगर, शिवाजी स्कूल के पीछे, वार्ड क्रमांक 1, दुर्ग में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस की कथा का प्रमुख विषय रासलीला, कंस वध, उद्धव भक्ति उपदेश एवं रुखमणि विवाह रहा। देवी नंदिनी चौबे ने भावपूर्ण शैली में महारास के गूढ़ रहस्यों की व्याख्या भक्तों के समक्ष की। प्रसंग का उल्लेख करते हुए कथावाचिका ने बताया कि रस का अर्थ है मानव का प्रभु के प्रति प्रेम, रास का अर्थ है भक्ति से प्रभु की कृपा की वर्षा और महारास आत्मा व परमात्मा, जीव और ईश्वर के दिव्य मिलन का उत्सव है, जिस पर राधारानी की कृपा बरसती है। आगे महारास की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि यह किसी स्त्री-पुरुष का सांसारिक मिलन नहीं, बल्कि आत्मा का परमात्मा में लीन हो जाना है। कथा में यह भाव प्रकट करते हुए बताया कि दंडकारण्य के ऋषि, वामन भगवान को देखने वाली दैत्य कन्याएं, कच्छप अवतार को निहारने वाली मत्स्य कन्याएं और तथा चारों वेदों के मंत्र और ब्रज में गोपी रूप में अवतरित होकर प्रभु श्रीकृष्ण के महारास के सहभागी बने। गोपी बनने का मूल उपदेश यही है कि प्रभु को किसी भी रूप में पाने की तीव्र लालसा ही सच्ची भक्ति है।



### भक्ति के बिना ज्ञान अधूरा

उद्धव प्रसंग में उन्होंने मार्मिक संदेश दिया कि केवल ज्ञान पर्याप्त नहीं है, यदि उसमें भक्ति, सत्संग और प्रेम न हो। उद्धव जी ज्ञान के भंडार थे, पर गोपियों के माध्यम से उन्हें भक्ति की पराकाष्ठा का साक्षात्कार हुआ। यह कथा हमें सिखाती है कि भक्ति के बिना ज्ञान अधूरा है। कथा के दौरान कंस वध प्रसंग में देवी नंदिनी ने बताया कि जब-जब धर्म की हानि होती है, तब-तब प्रभु अवतार लेकर अधर्म का नाश करते हैं और भक्तों के भय व कष्ट को हरते हैं। कंस वध केवल एक असुर का अंत नहीं, बल्कि भक्तों के मन से भय का नाश है।



### रुक्मणि विवाह की झांकी का हुआ मंचन

कथा के अंतिम चरण में द्वारकापुरी निर्माण एवं रुक्मणि विवाह का अत्यंत मनोहारी वर्णन हुआ। रुक्मणि विवाह की झांकी के मंचन में न्यू पंचशील नगर के श्रद्धालु बड़े प्रेम और उल्लास के साथ भक्ति में नाचते झूमते रहे। इस दौरान गोविंद देव महाराज और उनकी धर्मपत्नी सरस्वती देवी द्वारा द्वारकाधीश और माता रुक्मणि का सजीव अभिनय झांकी दवरा प्रस्तुत किया गया। माता लक्ष्मी स्वरूपिणी रुक्मणि का गोविंद रूपी वर से विवाह होते देख संपूर्ण वातावरण भक्ति, आनंद और संगीत से सराबोर हो उठा। भक्तजन विवाह संस्कारों में सम्मिलित होकर भजन-कीर्तन में झूम उठे। भागवत सप्ताह के दौरान पूरा क्षेत्र राधे-राधे के जयघोष से गूंजायमान हो रहा है। कथा को सुनने आसपास सहित दूर-दराज से भक्त शामिल हो रहे है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### कोरिया के विरुद्ध रायगढ़ की शानदार जीत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के तीसरे एवं अंतिम दिन रविवार को शानदार मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में कोरिया जिला के विरुद्ध रायगढ़ ने एक विकेट से जीत के साथ 6 अंक प्राप्त किया। बल्लेबाजी में कोरिया जिला टीम पहली पारी में 205 पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायगढ़ पहली पारी 123 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कोरिया जिला टीम दूसरी पारी में 162 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायगढ़ ने दूसरी पारी में नौ विकेट पर 247 रन बनाए।

आरडीसीए रायपुर में टीम धमतरी ने कवर्धा के विरुद्ध 207 रन से जीत के साथ 6 अंक हासिल किए। बल्लेबाजी में धमतरी टीम पहली पारी में 412 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कवर्धा पहली पारी में 192 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में धमतरी ने 09 विकेट पर 145 रन के साथ पारी घोषित की। बल्लेबाजी में कवर्धा दूसरी पारी में 158 रन पर आउट हो गई। धमतरी में टीम कोरबा के विरुद्ध बस्तर ने दो विकेट से जीत के साथ 6 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में कोरबा पहली पारी 146 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बस्तर पहली पारी 199 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में कोरबा दूसरी पारी 185 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में बस्तर ने दूसरी पारी 8 विकेट पर 134 रन बनाए। राजनांदगांव में नारायणपुर के विरुद्ध जशपुर ने एक पारी एवं 120 रन से जीत के साथ 7 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में नारायणपुर पहली पारी 143 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में जशपुर पहली पारी में 388 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में नारायणपुर दूसरी पारी 125 रन पर आउट हुई। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम महासमुंद ने कांकेर के विरुद्ध 8 रन से जीत के साथ 6 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में महासमुंद पहली पारी में 286 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कांकेर पहली पारी में 163 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में महासमुंद दूसरी पारी 151 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में कांकेर दूसरी पारी में 2 66 रन पर आउट हुई।

### सालासर रैम्पस की शानदार जीत, शशांक मैन ऑफ द मैच



**रायपुर।** सालासर जेंट्स क्लब के द्वारा आयोजित सालासर क्रिकेट प्रीमियर लीग में रविवार को सालासर रैम्पस वर्सेस सालासर सुपर किंग्स के बीच में फाइनल मुकाबला हुआ। सालासर रैम्पस ने पहले बैटिंग करते हुए 99 रन 4 विकेट के नुकसान पर 10 ओवर में बनाएं। जिसमें सौविक के 24 रन, रतन भामरा ने 22 और शोएब के 21 रन के सहयोग से 99 रन पूरे हुए और जीत के लिए 100 रन का लक्ष्य सुपर किंग को दिया। सुपर किंग्स 82 रन ही बना पाई जिसमें कप्तान लाभांशु यादव ने 21 रन, वैभव शुक्ला ने 16 रन, ऋषभ ने 18 रन बनाए,सालासर रैम्पस के बॉलर शशांक साहू ने तीन विकेट लिए। प्रकाश, संतोष और शोएब ने एक-एक विकेट लिए और मैच 17 रनों से जीत लिया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच शशांक साहू रहे। पुरस्कार वितरण में विजेता व उपविजेता को ट्रॉफी दी गई, मैन ऑफ़ द सीरीज संदीप बट्ट रहे, बेस्ट बैट्समैन संदीप भट्ट, बेस्ट बॉलर शशांक साहू, बेस्ट सिल्वर बैट्समैन सुनील श्रीवास्तव, बेस्ट सिल्वर बॉलर हरपाल सिंह भामरा रहे। पुरस्कार वितरण समारोह में जेंट्स क्लब के शालीन सत्संगी, हरपाल सिंह भामरा, पंकज सोनी, राकेश खुटेश्वर, मयंक यादव, प्रदीप अग्रवाल, सुनील दुलानी, हरप्रीत सिंह, आर के मूर्ति, महेश सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### खेलो इंडिया तीरंदाजी टूर्नामेंट का सफल आयोजन

**रायपुर।** संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, राजनांदगांव में एक दिवसीय ओपन सिटी एनटीपीसी खेलो इंडिया तीरंदाजी टूर्नामेंट का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के 10 जिलों से लगभग 250 तीरंदाज, कोच एवं मैनेजर शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ ओलंपियन राजेंद्र प्रसाद ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। उद्घाटन अवसर पर खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का संदेश दिया गया। पूरे दिन चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने कौशल, एकाग्रता और तकनीकी दक्षता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

## सर्दी और खांसी प्रतिरक्षा सूजन

# शरीर में सूजन को कभी न करें अनदेखा हो सकता है गंभीर बीमारियों का खतरा

अक्सर शरीर में होने वाले सूजन को हम नजरअंदाज कर देते हैं। आपको जानना चाहिए कि शरीर में सूजन होने पर क्या-क्या लक्षण नजर आ सकते हैं, जिन्हें पहचानकर आप स्वस्थ रह सकते हैं। इंफ्लेमेशन या सूजन एक तरह की बीमारी है। आसान भाषा में कहें तो, यह शरीर के किसी भाग के अंदर होने वाली बढ़ती हुई सूजन और गर्मी की स्थिति होती है,जो आमतौर किसी इंफेक्शन,चोट या टिशू की समस्या के कारण हो सकती है। सूजन पर अगर ध्यान न दिया जाए, तो कई गंभीर बीमारियों का खतरा पैदा हो सकता है। कई बार शरीर में सूजन होती रहती है लेकिन, हमें इस बारे में जानकारी ही नहीं होती है। आपको शरीर में सूजन होने के लक्षण जरूर जानना चाहिए।



### शरीर में सूजन के लक्षण

एक्सपर्ट बताती हैं कि अगर किसी व्यक्ति को बार-बार जोड़ों में दर्द और अकड़न परेशान की समस्या होती है, तो यह जॉइंट और मसल्स में सूजन का संकेत हो सकता है। वहीं, लोग अक्सर ब्लोटिंग से परेशान रहते हैं। कई उपायों के बाद भी ब्लोटिंग कम नहीं होती है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है, तो यह पाचन तंत्र में इंफ्लेमेशन सूजन की तरफ इशारा करता है।

अगर आपकी त्वचा पर बार-बार रैशेज, एक्ने या जलन का अनुभव होता है, तो यह भी सूजन की तरफ इशारा करता है। आपको इसे नजरअंदाज करने से बचना चाहिए।



रेस्पिरेटरी सिस्टम में भी सूजन हो सकता है। अगर आपको सांस लेने में दिक्कत हो रही है या आप अचानक से सांस लेने में दिक्कत महसूस कर रहे हैं, तो यह अंदरुनी सूजन हो सकती है। इम्यून सिस्टम में भी सूजन हो सकती है। अगर आपको बार-बार सर्दी, जुकाम-खांसी और बुखार हो रहा है, तो ये सूजन का असर हो सकता है। इससे इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। अगर आप भी इनमें से किसी भी लक्षण का अनुभव कर रहे हैं, तो उसे नजरअंदाज न करें और डॉक्टर से संपर्क करें

### शरीर में सूजन क्यों होती है?

शरीर में सूजन कई कारणों से हो सकती है। इसमें ऑटोइम्यून विकार, खराब लाइफस्टाइल आदि शामिल हैं।

### ऑटोइम्यून विकार

ऑटोइम्यून बीमारी में शरीर अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली और स्वस्थ कोशिकाओं पर हमला करने लगती है। इस स्थिति में शरीर में कई बदलाव आने लगते हैं। शरीर में सूजन का एक मुख्य कारण ऑटोइम्यून विकार भी हो सकता है। जैसे ल्यूपस। ल्यूपस एक दीर्घकालीन ऑटोइम्यून बीमारी है, जो शरीर के स्वस्थ ऊतकों पर हमला करती है।

### कुछ प्रकार के खाद्य पदार्थ

जो ऑटोइम्यून विकार वाले लोगों में सूजन पैदा कर सकते हैं या खराब कर सकते हैं। इन खाद्य पदार्थों में चीनी, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट, शराब और ट्रांस फैट शामिल हैं। इसलिए सूजन से बचने के लिए आपको इनसे दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

### अधिक मात्रा में शराब का सेवन



अगर आप अधिक मात्रा में शराब का सेवन करते हैं, तो आपको अपने जीवन में कभी न कभी सूजन की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, अधिक मात्रा में शराब पीने का असर हमारे लिवर पड़ता है। लिवर में थोड़ी सी भी गड़बड़ी शरीर में सूजन पैदा कर सकता है। इतना ही नहीं धूम्रपान करना भी सूजन का कारण बन सकता है।

### हाई बॉडी मास इंडेक्स

हाई बॉडी मास इंडेक्स यानी मोटापा भी शरीर में सूजन का कारण बन सकता है। अगर आपका वजन बढ़ रहा है, तो आपको इसे कंट्रोल में करने की जरूरत होती है। क्योंकि एक समय के बाद आपको शरीर में सूजन महसूस हो सकती है।

### एक्सरसाइज न करना

स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक रूप से सक्रिय रहना बहुत जरूरी होता है। जो लोग एक्टिव नहीं होते हैं, उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

# ब्रह्मविद फुटबॉल एकेडमी बनी काइडोस जूनियर प्रो लीग सीज़न वन की चैंपियन

**रायपुर।** रायपुर शहर काइडोस प्रीमियर प्रो लीग (अंडर-15) के एक शानदार फाइनल का गवाह बना। जिसमें ब्रह्मविद फुटबॉल एकेडमी लीग के पहले सीज़न की चैंपियन बनी। फाइनल में रायपुर की सभी आठ दमदार टीमों ने अपने जुनून और मुकाबले की भावना को दिखाया, जिसमें युवा प्रतिभाओं ने मैदान पर जलवा बिखेरा।

- **युवा फुटबॉलरों ने मैदान में दिखाया अपना दमखम**






फाइनल दिन के पहले मैच में, ब्रह्मविद ब्लू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रियल रायपुर को 2-0 से हराया, लीग टेबल में टॉप स्थान पक्का किया और अपनी चैंपियनशिप जीत की पुष्टि की। उनकी सफलता का श्रेय एक खतरनाक अटैकिंग जोड़ी को जाता है—वैभव, जो 12 गोल के साथ लीग के टॉप स्कोरर रहे, और दक्ष, जो 11 गोल के साथ उनके ठीक पीछे थे—दोनों ब्रह्मविद ब्लू टीम के थे।

रामा एफसी और दूसरी टीम के बीच दूसरे मैच में अभिनव ने चार गोल करके शानदार अटैकिंग खेल दिखाया, जिससे उनकी टीम ने यूनाइटेड रायपुर पर शानदार जीत हासिल की और फाइनल स्टैंडिंग में दूसरा स्थान पक्का किया।

तीसरे मुकाबले में, ब्रह्मविद रेड ने एलीट ब्लू को 2-0 से हराकर मात दी, जबकि दिन का आखिरी मैच एमर्स एफसी और एलिट रेड के बीच 1-1 से ड्रॉ रहा।

समापन समारोह में काइडोस स्पोर्ट्स के मालिक कंवर सिंह, रायपुर फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष और मुख्य अतिथि मुश्ताक अली प्रधान, ब्रह्मविद के निदेशक प्रत्युष पदाराहा और फुटबॉल के हेड कोच धर्मराज रावणन मौजूद थे। गणमान्य व्यक्तियों ने ₹लीग की फेयर प्ले टीम₹ ट्रॉफी प्रदान की, जिसमें प्रतिस्पर्धी उत्कृष्टता के साथ अनुशासन और खेल भावना का सम्मान किया गया।

ब्रह्मविद स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित काइडोज जूनियर प्रो लीग वीकेंड लीग 18 जनवरी को शुरू हुई और हर शनिवार और रविवार को आयोजित की गई, जिसने क्षेत्र में जमीनी स्तर के फुटबॉल और उभरती हुई अंडर-15 प्रतिभाओं के लिए एक जीवंत मंच प्रदान किया।

## घर पर आसानी से बनाएं चॉकलेट



आप बेहद कम समय और सिर्फ 4 आसान चीजों की मदद से स्वादिष्ट चॉकलेट घर पर तैयार कर सकते हैं। ये रेसिपी न सिर्फ आसान है बल्कि हेल्दी भी है, क्योंकि इसमें आप अपनी पसंद के इंग्रेडिएंट्स इस्तेमाल कर सकते हैं। घर पर बनी चॉकलेट बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आएगी और यह आपके खास रिश्तों को और भी स्पेशल बना देगी।

चॉकलेट बनाने के लिए सबसे पहले एक नॉन-स्टिक पैन को धीमी आंच पर रखें और उसमें मक्खन डालकर हल्का पिघला लें। ध्यान रखें कि मक्खन जले नहीं। अब इसमें कंडेंस्ड मिल्क डालें और लगातार चलाते हुए अच्छे से मिलाएं, ताकि दोनों चीजें अच्छी तरह ब्लेंड हो जाएं। इसके बाद दूध पाउडर और कोको पाउडर को छानकर थोड़ा-थोड़ा करके मिश्रण में डालें और लगातार चलाते रहें, जिससे गांठ न बने।

कुछ मिनटों में यह मिश्रण गाढ़ा होकर पैन के किनारे छोड़ने लगेगा। जब चॉकलेट का मिश्रण पूरी तरह स्मूद और चमकदार हो जाए, तो गैस बंद कर दें। अब इस मिश्रण को पहले से ग्रीस की हुई प्लेट या ट्रे में समान रूप से फैलाएं और ठंडा होने के लिए रख दें। जब चॉकलेट अच्छी तरह जम जाए, तो इसे मनचाहे आकार में काट लें और चॉकलेट डे के मौके पर अपने खास लोगों को प्यार के साथ सर्व करें।

## आयुष ने दूसरी पारी में भी जड़ा शतक बनाए शानदार नाबाद 164 रन



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर-23 कर्नल सी के नायुडु ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 16 अक्टुबर 2025 से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा मैच (06 फरवरी से 09 फरवरी) को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में हिमाचल प्रदेश अंडर 23 टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन के खेल में रविवार को हिमाचल प्रदेश अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 113.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 424 रन बनाए हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रांरभिक बल्लेबाज आयुष पांडेय ने शानदार शतक लगाते हुये 100 रन बनाये। उनके अतिरिक्त राहुल प्रधान ने 59 रन, मयंक वर्मा ने 57 रन तथा हर्ष साहु ने 52 रन तथा देव आदित्य सिंह ने 52 रन बनाये। हिमाचल प्रदेश अंडर 23 टीम की ओर से प्रशांत कुमार ने 4 विकेट तथा शुभम ने 2 विकेट लिए। हिमाचल प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 57.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 183 रन बनाए। हिमाचल प्रदेश की ओर से अमनप्रीत सिंह ने 52 रन तथा इनेश महाजन ने 42 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से दीपक यादव ने 6 विकेट तथा वरुण सिंह भुई ने 3 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 61.5 ओवरों में 4 विकेट खोकर 309 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रांरभिक बल्लेबाज आयुष पांडे ने दूसरी पारी में भी शानदार शतक लगाते हुये 164 नाबाद रन बनाए। उनके अतिरिक्त मयंक वर्मा ने 68 रन तथा साहिल रजत शरीफ ने 32 रन बनाये। हिमाचल प्रदेश की ओर से दक्ष नारायण तथा ऋतिक कुमार ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक 551 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुये हिमाचल प्रदेश ने अपनी दूसरी पारी में 16 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 63 रन बना लिये हैं। तीसरे दिन की समाप्ति तक हिमाचल प्रदेश 488 रनों से पीछे है।

## छत्तीसगढ़ की जीत, कृति के शानदार 94 और शिल्पा के 51 रन



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से सीनियर वुमेंस वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 06 फरवरी से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच रविवार को बड़ोदरा में उत्तराखंड टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने उत्तराखंड को 4 विकेट से हराया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। उत्तराखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 234 रन बनाये। उत्तराखंड की ओर से राघवी ने 77 रन तथा इंद्राणी ने 43 रन बनाये। उनके अतिरिक्त कंचन ने 40 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ टीम की ओर से उर्मिला हरीना ने 3 विकेट तथा महक ने 2 विकेट लिए। 235 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम ने 49.5 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 235 रन बनाकर मैच जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से कप्तान कृति गुप्ता ने नाबाद 94 रनों की शानदार पारी खेली। उनके अतिरिक्त शिल्पा साहु ने 51 रन तथा प्रीति यादव ने 35 रनों का योगदान दिया। उत्तराखंड की ओर से नीलम ने 3 तथा कनिका ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 4 विकेट से जीत लिया।

**कार्नर न्यूज**

## कैब बुक करने में बरतें सावधानी

# अगर आप भी बुक करते हैं ट्रिप के लिए कैब जान लीजिए इससे जुड़े कुछ प्रमुख नियम

कैब बुक करने के बाद, ड्राइवर को आपकी लोकेशन पता चल जाती है। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि ड्राइवर बिना वजह कैब को कैसिंल कर देता है। क्या आपको इससे जुड़े नियम के बारे में पता है। इमरजेंसी हो या फिर किसी डेस्टिनेशन पर जाना हो हम सभी कैब या ऑटो को बुक करते हैं ताकि आराम अपनी लोकेशन पर पहुंच जाएं। लेकिन कई बार कैब कैंसिलेशन या फिर ज्यादा चार्ज की वजह से परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। ऑटो वाले हो या प्राइवेट कैब वाले इन पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने वालों को ड्राइवर की मनमानी से जूझना पड़ता है। अधिकतर लोग उनकी मनमानी को मान कर शांत होकर चले जाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत अगर कोई ड्राइवर किसी यात्री को ले जाने से मना करता है या फिर ट्रिप कैंसिल कर देता है, तो इसके लिए जुर्माने का प्रावधान है।

जानें क्या है नियम

मोटर वेहिकल एक्ट, 1988 की धारा 178, उप धारा 3 के तहत अगर कोई ड्राइवर वाहन चलाने का परमिट लेने वाला कोई शख्स किसी पैसेंजर




को ट्रिप देने से मना करे तो उस पर जुर्माना लगता है। टू व्हीलर और थ्री व्हीलर वाहनों के ड्राइवर अगर ट्रिप कैंसिल करते हैं, तो उन पर 50 रुपये का जुर्माना लगता है। वहीं फोर व्हिलर वाले बुकिंग कैब के ट्रिप कैंसिल करने पर 200 रुपये का जुर्माना लगता है।

### कैब ड्राइवर की मनमानी के लिए सर्विस रूल होते हैं अपडेट

कई बार लोगों को कैब बुकिंग से जुड़े रूल्स नहीं पता होते हैं। ऐसे में आपको बता दें, कि ड्राइवर की मनमर्जी के लिए कैब सर्विस कंपनियां समय-समय पर अपने ऐप को अपडेट करती रहती हैं। अक्सर कैब बुक करने पर पैसेंजर डेस्टिनेशन ड्राइवर को तुरंत पता चल जाती हैं ताकि ड्राइवर अपनी सहूलियत के हिसाब से बुकिंग को एक्सेप्ट या रिजेक्ट कर सकें। लेकिन अगर कोई ड्राइवर ट्रिप एक्सेप्ट करने के बाद कैंसिल करता हैं तो आप उस पर कार्यवाही कर सकते हैं। अब जब भी कैब बुक करें उससे पहले के रूल को पढ़ लें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्रिस्टिन स्टीवर्ट ने अमेरिका छोड़ने का बनाया मन, ट्रंप शासन पर कसा तंज



फिल्म 'ट्विलाइट' फेम एक्ट्रेस क्रिस्टिन स्टीवर्ट हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि वह बतौर फिल्ममेकर, एक्ट्रेस अमेरिका में सहज महसूस नहीं करती हैं। साथ ही अमेरिका का राजनीतिक माहौल भी उनको पसंद नहीं है। वह ट्रंप प्रशासन और उसकी नीतियों पर भी खुलकर बात कर चुकी हैं। हालिया बातचीत में क्रिस्टिन स्टीवर्ट ने कहा कि वह अब अमेरिका में क्रिएटिव तौर पर सुरक्षित महसूस नहीं करती है। साथ ही वह अब यहां सहज महसूस नहीं करती हैं। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह खुद को अमेरिका में रहते हुए आगे देखती हैं। इस पर उनका जवाब था, 'शायद नहीं।' वह आगे कहती हैं, 'मैं यहां आजादी से काम नहीं कर सकती हूं।' अपने इंटरव्यू में क्रिस्टिन स्टीवर्ट ने ट्रंप की नीतियों को लेकर नाराजगी जाहिर की। वह कहती हैं, 'ट्रंप के राज में सच्चाई पूरी तरह से टूट रही है।' इसी इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने कहा कि अब अमेरिका में क्रिएटिव फ्रीडम खत्म हो रही है। इस बात का उन्हें दुख है। जहां तक अमेरिका छोड़कर दूसरी जगह बसने का सवाल है तो वह यूरोप जाना का मन बना रही हैं। दरअसल, जिस तरह की क्रिएटिव फ्रीडम क्रिस्टिन को चाहिए, वह उन्हें यूरोप में मिल सकती है। साथ ही वह काफी समय से इंडिपेंडेंट सिनेमा और इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं।

### टॉलीवुड

## मद्रास हाई कोर्ट में अभिनेता विजय की याचिका खारिज, टैक्स पेनल्टी का मामला



मद्रास हाई कोर्ट ने टीवीके प्रमुख विजय की एक याचिका को खारिज कर दिया है। इस याचिका में अभिनेता ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उन्हें 1.50 करोड़ रुपये का जुर्माना देने का निर्देश दिया गया था। मद्रास हाई कोर्ट ने अभिनेता विजय की उस रिट याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के एक आदेश को चुनौती दी थी। दरअसल, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने अभिनेता को 1.50 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने का निर्देश दिया था। यह मामला 2015-16 के फाइनेंशियल ईयर का है। साल 2016-17 में विजय ने इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल किया था। अपनी संपत्ति का विवरण देते हुए 35,42,91,890 रुपए की संपत्ति घोषित की थी। अभिनेता पर आरोप लगा कि उन्होंने अपनी पूरी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया है। असल संपत्ति छिपाने की कोशिश की। आयकर विभाग ने अभिनेता की संपत्ति की तुलना साल 2015 के दस्तावेजों से की, जिसमें पाया गया कि विजय ने कथित तौर पर फिल्म 'पुली' में अभिनय के लिए प्राप्त 15 करोड़ रुपए की आय को छुपाया था, जिसका खुलासा उन्होंने अपने आयकर रिटर्न में नहीं किया था। जिसके बाद साल 2022 में अभिनेता पर आयकर विभाग ने 1.50 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया।

विजय ने इनकम टैक्स के आदेश का पालन नहीं किया, जुर्माना नहीं भरा। इसके बजाय इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के जुर्माने वाले आदेश को चुनौती दी और साल 2022 में एक याचिका दायर की। जस्टिस सेंथिलकुमार राममूर्ति ने पिछले महीने इसी रिट याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया था।

विजय थलापति साउथ फिल्मों का जाना-माना नाम हैं। वह अभिनय की दुनिया से निकलकर अब तमिलनाडु की राजनीति में सक्रिय हो गए हैं। पार्टी टीवीके के वह प्रमुख हैं।

बतौर अभिनेता उनकी आखिरी फिल्म 'जन नायकन' है। इस फिल्म को लेकर भी विवाद चल रहा है, फिल्म अभी रिलीज नहीं हो सकी है। इसकी रिलीज का मामला कोर्ट में लंबित है।

### भोजपुरी

## 'स्वर्ग से सुंदर' में धमाल मचाएगी प्रेम और रक्षा की जोड़ी, शूट शुरू



भोजपुरी फिल्म स्टार्स प्रेम सिंह और रक्षा गुप्ता जल्द ही फिल्म 'स्वर्ग से सुंदर' में नजर आएंगे, जिसकी शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म में ऐसी पारिवारिक और भावनात्मक कहानी दिखाई जाएगी, जो दर्शकों के दिलों को छू जाएगी। फिल्म को विजय यादव ने डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। जबकि कहानी अरविंद तिवारी ने लिखी है। 'स्वर्ग से सुंदर' को लेकर फिल्म की पूरी टीम बेहद एक्साइटेड है और पूरे जोश के साथ शूटिंग में जुट गई है। शूटिंग लोकेशन से तस्वीरें भी सामने आई हैं। 'स्वर्ग से सुंदर' की कास्ट की बात करें, तो इसमें प्रेम सिंह और रक्षा गुप्ता के अलावा अनिता रावत, रजनीश झा जी, मनोज द्विवेदी, भानु पांडे, चाहत राज, पूर्वी, लकीम अंसारी सहित कई अन्य कलाकार नजर आएंगे। सभी कलाकार अपने-अपने किरदारों को लेकर बेहद उत्साहित हैं और फिल्म को यादगार बनाने के लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं। फिल्म से जुड़े लोगों का मानना है कि 'स्वर्ग से सुंदर' एक ऐसी कहानी लेकर आ रही है, जो दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ एक सकारात्मक संदेश भी देगी। मजबूत निर्देशन, भावनात्मक कहानी, दमदार एक्टिंग और म्यूजिक के साथ यह फिल्म आने वाले समय में दर्शकों के बीच खास पहचान बना सकती है। भोजपुरी सिनेमा प्रेमियों को अब इस फिल्म के रिलीज का बेसब्री से इंतजार रहेगा।

### हीरे की चमक




कीमती रत्नों और प्राकृतिक हीरों का संगम आशा, उम्मीद और खुशी की भावना लाता है। ज्वेलरी में अनोखे रंग कॉम्बिनेशन – प्राकृतिक हीरे और कीमती रत्नों का मेल विरोधाभास में सुंदरता का जश्न है। यह डिजाइन एक युवा और ज़्यादा एक्सपेरिमेंटल फैशन मूड को दिखाता है।

## कोरियन ब्यूटी हैक्स से गायब हो सकते हैं आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे

त्वचा की देखभाल करने के लिए हम कई तरह के प्रोडक्ट्स को खरीदते हैं। वहीं आंखों के नीचे की त्वचा चेहरे की त्वचा से कई ज्यादा नाजुक होती है और इसका ख्याल रखा जाना बेहद जरूरी होता है। बदलते लाइफस्टाइल के कारण हम देर रात जागते हैं तथा कई चीजों का स्ट्रेस भी लेते हैं, जिनके कारण डार्क सर्कल्स बढ़ जाते हैं।

आजकल ब्यूटी ट्रेंड्स में कोरियन ब्यूटी को काफी चलन में है। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे को कम करने के लिए कोरियन ब्यूटी हैक और बताएंगे इनसे त्वचा को मिलने वाले फायदे क्या हैं-

एलोवेरा जेल में विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-बी होता है जो कि स्किन को भरपूर मात्रा में पोषण देता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन को हाइड्रेट करने में मदद करता है। एलोवेरा जेल के अंदर एंटी-बैक्टीरियल गुण होता है जो त्वचा को सभी तरह के स्किन इन्फेक्शन से बचाते हैं।

### खीरे को आंखों के नीचे लगाने के क्या फायदे हैं?

खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व स्किन को डीप क्लीन करते हैं। खीरे में मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट तत्व चेहरे पर मौजूद पोर्स का साइज बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं।



### आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे को कम करने के लिए कोरियन हैक

सबसे पहले एलोवेरा के पौधे से जेल को निकालकर एक बाउल में डालें। इसके बाद इसमें एक खीरे को पीसकर डालें। इन दोनों को मिक्स करके उंगलियों की मदद से आंखों के नीचे लगा लें। लगभग 30 मिनट तक इसे आंखों के नीचे लगा रहने दें। इसके बाद कॉटन की मदद से इसे साफ कर लें। रोजाना रात को सोने से पहले इस नुस्खे का इस्तेमाल करने से आपकी आंखों को कुलिंग इफेक्ट मिलेगा।

## क्रश को करना इंप्रेस तो इस तरह से हों तैयार, सामने वाला हो जाएगा फिदा



साल के दूसरे महीने यानी कि फरवरी में वैलेंटाइन डे आता है, जो हर प्रेमी जोड़े के लिए काफी खास होता है। इस खास दिन को और खास बनाने के लिए कपल्स एक-दूसरे को तोहफा देते हैं, और उन्हें उनके खास होने का एहसास कराते हैं।



वैलेंटाइन डे तो 14 जनवरी को मनाया जाता है, लेकिन इस दिन से ठीक एक हफ्ते पहले यानी कि 7 फरवरी से वैलेंटाइन वीक की शुरुआत हो जाती है। वैलेंटाइन वीक का हर दिन बेहद खास होता है। इन सात दिनों में आप अपने पार्टनर को उनके स्पेशल होने का एहसास करा सकते हैं। खास तौर पर अगर आप किसी को पसंद करती हैं, तो वैलेंटाइन वीक शुरू होने से पहले अपने क्रश को इंप्रेस कर सकती हैं। बहुत सी लड़कियों को ये समझ नहीं आता कि वो क्रश के सामने कैसे जाएं, तो इसके लिए हम आपको आइडिया देने जा रहे हैं, ताकि क्रश के सामने भी आपका आत्मविश्वास बना रहे।



### सादगी भरा लुक रखें

ज्यादातर लड़कों को लड़कियों का सादगी भरा लुक ही पसंद आता है। ऐसे में अपने क्रश के सामने हमेशा सादगी भरे लुक में ही जाएं। खासतौर पर अगर आप अपने क्रश के साथ पहली बार कहीं घूमने जा रही हैं, तो अपने लुक का खास ध्यान रखें।

### भड़कीले कपड़ों से रहें दूर

ज्यादा भड़कीले कपड़े आपके लुक को खराब कर सकते हैं। ऐसे में कोशिश करें, कि ज्यादा चमक-धमक या चमकीले कपड़ों से दूर ही रहें। उनकी जगह आप थोड़ा सिंपल कपड़ों को चुन सकते हैं।

### आरामदायक कपड़ों को दें प्राथमिकता

अपने क्रश के सामने कभी ऐसे कपड़े पहनकर ना जाएं, जिसे पहनकर आप खुद असहज हों। कपड़े हमेशा ऐसे होने चाहिए, जिसे पहनकर आपको किसी तरह की कोई परेशानी ना हो।

### अपने व्यक्तित्व का रखें ध्यान


अगर आप अपने व्यक्तित्व के विपरीत जाकर किसी को इंप्रेस करने के लिए तैयार होंगी, तो ये आपके लिए भी खराब हो सकता है।

## वैलेंटाइन डे डेट लुक के लिए परफेक्ट हैं लिपस्टिक के कुछ खास शेड्स

मेकअप तो हम सभी को पसंद होता है और इसके लिए कई प्रोडक्ट्स आजकल मार्केट में आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन कितना ही मेकअप कर लिया जाये अगर लिपस्टिक का शेड सही नहीं चुना गया तो पूरा लुक आखिर में बिगड़ जाता है। वैलेंटाइन डे आने वाला है और इस दिन हम अपने पार्टनर के साथ डेट नाइट पर जाते ही हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लिपस्टिक के कुछ ऐसे शेड्स जो आपके वैलेंटाइन डे डेट लुक में जान डालने का काम करेंगे। साथ ही बताएंगे मेकअप से जुड़े कुछ आसान हैक्स-

### रेड कलर लिपस्टिक

वैलेंटाइन डे लुक के लिए रेड कलर को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। रेड कलर पैलेट में आपको कई शेड्स देखने को मिल जाएंगे, लेकिन रेड लिपस्टिक में आपको अपनी स्किन टोन के हिसाब से ब्राइट, डीप या वार्म कलर टोन को चुनना चाहिए। अगर आप रेड आउटफिट पहन रहे हैं तो रेड कलर की लिपस्टिक को अवॉयड ही करें। हालांकि ब्लैक



कलर की आउटफिट के साथ इस तरह के बोल्ड कलर लिप शेड बेस्ट रहेंगे।

### न्यूड ब्राउन शेड लिपस्टिक

अगर आप न्यूट्रल या सटल कलर पैलेट में मेकअप लुक को रखना चाहती हैं तो इस तरह का न्यूड ब्राउन शेड लिप कलर आपके लिए बेस्ट रहेगा। इस कलर को आप लाइट से लेकर डार्क आउटफिट कलर के साथ कैरी कर सकती हैं। यह कलर फेयर से मीडियम स्किन टोन पर बेस्ट नजर आएगा। अगर आपका स्किन टोन डार्क है तो ब्राउन कलर पैलेट में आपको डार्क शेड्स भी मिल जाएंगे।

## फैंसी लुक पाने के लिए परफेक्ट हैं सलवार-सूट के ये नए डिजाइंस, आप भी करें ट्राई

सूट को आकर्षक लुक देने के लिए आपको अपनी बॉडी के हिसाब से डिजाइन को चुनना चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी लुक को री-क्रिएट कर सकती हैं। सलवार-सूट हम रोजाना पहनते हैं और आजकल तो इसमें आपको रेडीमेड में भी काफी वैरायटी देखने को मिल जाएगी। वहीं आजकल कम्फ़र्टेबल लुक पाने के लिए हम साड़ी और लहंगे के अलावा सलवार-कमीज में ही फैंसी लुक वाले डिजाइन को चुनना पसंद करते हैं। अपने लुक को खास बनाने के लिए केवल फैंसी डिजाइन ही नहीं बल्कि किसी भी आउटफिट की स्टाइलिंग भी सोच-समझकर करना बेहद जरूरी होता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं सलवार-सूट के कुछ खास डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आए नजर स्टाइलिश और अप-टू-डेट।

### कलीदार सूट डिजाइन

अनारकली स्टाइल कलिदार सूट आपके लुक को काफी एलिगेंट लुक देने में मदद कर सकती हैं। रोहित बलाना द्वारा इस खूबसूरत फ्लोरल डिजाइन सूट को डिजाइन किया गया है। इस तरीके के फ्लोर लेंथ अनारकली सूट के साथ आप दुपट्टे के लिए प्लेन लेकिन लेंथ में लम्बे दुपट्टे को स्टाइल कर सकती हैं।

### शरारा सूट डिजाइन

आजकल मिरर वर्क पैटर्न काफी चलन में है। डिजाइनर गोपी वैद द्वारा इस खूबसूरत शरारा-सूट को स्टाइल किया है। इस तरह का फैंसी लुक वाला सूट लुक आपको मार्केट में लगभग 3,000 रुपये में आसानी से मिल जाएगा।



### कार्नर न्यूज

**फैशन की दुनिया में हो रहे बदलाव को अपनाना ही समझदारी**

## कोट-ब्लेजर पहनने के स्मार्ट तरीके, शर्ट-टाई के बिना भी मिल सकता है सूट-बूट जैसा लुक

फॉर्मल और इनफॉर्मल के बीच बैलेंस करके चलना बहुत मुश्किल नहीं है। बस इसके लिए नए अंदाज में कोट-ब्लेजर, शर्ट, पैंट आदि को कैरी करना होगा। इसके बाद आपको एकदम नया लुक मिल जाएगा, जो कि देखने में वाकई दमदार होगा।

कई लड़के सूट-बूट इसलिए नहीं पहन पाते क्योंकि वे उतने फॉर्मल तरीके से ड्रेस को कैरी नहीं कर पाते। हालांकि, एकदम फॉर्मल दिखना इसके मुकाबले मुश्किल है। इसलिए बिना शर्ट और टाई के सूट-बूट टाइप का लुक चाहिए तो यहां पर दिए स्टाइलिंग टिप्स फॉलो कर सकते हैं।

### टाई बांधना जरूरी नहीं?

फैशन की गलतफहमी कई बार हमें अच्छी ड्रेस पहनने से भी रोक देती है। हमें लगता है कि सूट-बूट के साथ टाई बांधना, फॉर्मल शर्ट, फॉर्मल शूज आदि पहनना जरूरी है। जबकि मॉडर्न दौर में ऐसा कोई हार्ड एंड फास्ट फैशन रूल नहीं है। हां, अच्छा दिखने के लिए शर्त है ड्रेस पहनने की, भले ही वो किसी के लिए कंफर्टेबल हो या न हो। हमें



इसी रेस से आगे निकलकर फॉर्मल और इनफॉर्मल के बीच वाली लाइन पर चलना है।

### पोलो टी-शर्ट और ब्लेजर

आपके लिए भले ही यह नया हो लेकिन पोलो टी-शर्ट और ब्लेजर को पहनना सही साबित हो सकता है। आयुष्मान खुराना को देखकर इस बात को समझ सकते हैं। इसके साथ आप अपने पसंदीदा स्नीकर भी पहन सकते हैं और फॉर्मल शूज को थोड़े समय के लिए आराम दे सकते हैं।

अगर आप पोलो टी-शर्ट के साथ ब्लेजर पहनें तो टी-शर्ट के सभी बटन को बंद रखें। साथ ही आप ब्लेजर की स्लीव को ऊपर चढ़ा लें। इसके अलावा आप राउंट नेक टी-शर्ट के साथ भी इस तरह का लुक पा सकते हैं। इतना ही नहीं अगर आप केवल पोलो टी-शर्ट और कैजुअल पैंट ही पहनेंगे तो भी परफेक्ट लुक पा सकते हैं। इसके लिए आप सुझाव के तौर पर वरुण धवन के लुक को देख सकते हैं।

### जैकेट और टीज

हर बार कोट-ब्लेजर पहनना जरूरी नहीं है। सूट पहने किसी शख्स की तरह आकर्षक दिखने के लिए इस तरह की ड्रेस पहनें। सिंपल टीज, जैकेट और स्नीकर्स पहन सकते हैं। इसमें आप परफेक्ट दिखेंगे।

### ब्लैक ड्रेस

ब्लैक कोट, टीज और पैंट के साथ आपको इम्प्रेसिव लुक मिल सकता है। यकीन कीजिए ये लुक शायद आपको पूरी तरह टाई-कोट पहनने के बाद भी न मिले। इसके साथ एक व्हाइट कलर का स्नीकर, कितना दमदार है न। हां, हमेशा सफेद जूतों को चमकाकर रखें।

हमेशा इम्प्रेसिव लुक के लिए कोट-ब्लेजर या जैकेट पहनने की आवश्यकता नहीं है। आप चाहें तो केवल बेहतरीन फिटिंग वाली शर्ट, जींस और ऑक्सफोर्ड स्टाइल के शूज भी कैरी कर सकते हैं।

